कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 334, पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 03 जनवरी 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## टोक्यो एयरपोर्ट पर दो विमान टकराए, आग लगी

**टोक्यो**

जापान की राजधानी टोक्यो के हानेडा एयरपोर्ट पर एक प्लेन में आग लग गई। जापान टाइम्स के मुताबिक लैंडिंग से पहले विमान कोस्ट गार्ड के प्लेन से टकरा गया। इस दौरान कोस्ट गार्ड के प्लेन में सवार 6 में से 5 क्रू मेंबर्स की मौत हो गई। वहीं पायलट घायल होने के बाद भी विमान से निकलने में कामयाब रहा। जापान एयरलाइंस के एक प्रवक्ता ने कहा है कि पैसेंजर प्लेन होकाइडो के शिन-चितोसे एयरपोर्ट से रवाना हुआ था। इसमें करीब 367 पैसेंजर्स और 12 क्रू मेंबर्स सवार थे। सभी को प्लेन से सुरक्षित बाहर निकाला जा चुका है। दरअसल, कोस्ट गार्ड का प्लेन भूकंप प्रभावित क्षेत्रों में जरूरत का सामान पहुंचाने जा रहा था। जापान की ट्रांसपोर्ट मिनिस्ट्री पूरे मामले की जांच कर रही है।

## जापान के भूकंप में अब तक 48 की मौत

**टोक्यो**

जापान के इशिकावा में नए साल के दिन 7.6 की तीव्रता का भूकंप आया। जापान टुडे के मुताबिक इससे अब तक 48 लोगों की मौत हो चुकी है, वहां 140 आफ्टरशॉक भी दर्ज किए गए हैं। इनकी तीव्रता 3.4 से 4.6 के बीच रही है। इशिकावा में भूकंप से कई जगहों पर आग लग गई। इससे 200 इमारतें जलकर खाक हो चुकी हैं। 32,500 घरों में बिजली नहीं है। यहां एक और भूकंप की चेतावनी जारी की गई है।

## आईसीयू में भर्ती को लेकर केंद्र सरकार जारी की गाइडलाइन

**नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने गंभीर मरीजों के आईसीयू में भर्ती करने को लेकर नई गाइडलाइन जारी की है। इसके मुताबिक, परिवार के लोगों की सहमति के बिना अस्पताल मरीज को क्ळव में एडमिट नहीं कर सकेंगे। इसके अलावा यदि किसी मरीज का इलाज नहीं हो पा रहा, सेहत में सुधार नहीं हो रहा तो अस्पताल जानबूझकर उसे आईसीयू में नहीं रख सकेंगे। स्वास्थ्य मंत्रालय ने 24 डॉक्टरों की टीम की सिफारिशों के आधार पर यह गाइडलाइन जारी की है। इन एक्सपर्ट्स के मुताबिक, महामारी या आपदा की स्थिति में जहां साधन सीमित हों।

# विपक्ष को आज जाति दिखाई पड़ती है: योगी

## सीएम ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जनपदों के लाभार्थियों से किया संवाद

**लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गरीबों के हक पर डकैती डालने वालों को आज जाति दिखाई पड़ती है। वह लोग समाज को विभाजित करने का कार्य कर रहे हैं। हमें ऐसे लोगों से सावधान रहकर समाज को एकजुट करते हुए राष्ट्रीय सशक्तिकरण की दिशा में कार्य करना होगा। सीएम योगी मंगलवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से संवाद कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज देश में गरीबों के लिए सिर्फ योजनाएं ही नहीं बन रही हैं बल्कि उनका क्रियान्वयन भी हो रहा है। शासन की योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के गांव, गरीब और नौजवान तक पहुंच रही हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य हर व्यक्ति के चेहरे पर खुशहाली लाना है। सीएम योगी ने लाभार्थियों से संवाद कार्यक्रम के तहत मेरठ, बस्ती, चंदौली, महोबा और बाराबंकी के लाभार्थियों से बातचीत की। इस दौरान वह प्रदेश के सभी 75 जनपदों में 800 स्थानों पर आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से ऑनलाइन जुड़े। सीएम योगी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत प्रदेश में 642 मोदी गारंटी वैन चल रही हैं। उत्तर प्रदेश के 57709 ग्राम पंचायतों में से अब तक 36983 ग्राम पंचायतों में मोदी गारंटी वैन पहुंच चुकी है। साथ ही 762 नगर निकायों में 1027 कार्यक्रम आयोजित हो चुके हैं। अबतक प्रदेश के अंदर लगभग पौने तीन करोड़ लोगों से यह यात्रा जुड़ चुकी है। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में आज जहां-जहां मोदी गारंटी वैन पहुंच रही है, वहां हजारों की संख्या में लोग इससे जुड़ रहे हैं, जहां भी वैन जा रही है वहां कैम्प लग रहे हैं, जिन लोगों को योजनाओं का लाभ अभी तक नहीं मिल पाया है उन्हें वहां ले जाएं और उनका रजिस्ट्रेशन कराकर योजनाओं से आच्छादित करें।




### 'यूपी में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 55 लाख गरीबों को घर मिला'

**सीएम योगी ने** कहा कि डबल इंजन की सरकार की मेहनत का परिणाम है कि आज प्रदेश के अंदर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 55 लाख गरीबों को घर मिला है, तीन करोड़ लोगों को शौचालय, 1.75 लाख गरीबों को उज्ज्वला योजना के तहत फ्री गैस कनेक्शन, 1 करोड़ 54 लाख परिवारों को फ्री में बिजली का कनेक्शन, 1 लाख 21 हजार गांवों तक बिजली पहुंची है, 10 करोड़ लोग आयुष्मान भारत योजना से कवर हुए हैं और 15 करोड़ लोगों को फ्री में राशन मिल रहा है। यह योजनाएं आज हर व्यक्ति के जीवन में व्यापक परिवर्तन का आधार बन रही हैं।

### साढ़े नौ वर्ष में देश ने प्रत्येक क्षेत्र में की प्रगति

**सीएम योगी** ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले साढ़े नौ वर्ष में देश ने प्रत्येक क्षेत्र में प्रगति की है। वैश्विक मंच पर भारत की प्रतिष्ठ बढ़ने के साथ ही देश के अंदर अत्याधुनिक इन्फ्रस्ट्रक्चर का विकास हुआ है। सरकार की योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के लोगों को मिल रहा है। दुनिया की एजेंसियां यह मानती हैं कि भारत में साढ़े नौ वर्ष में 13 करोड़ से अधिक लोग गरीब रेखा के ऊपर आए हैं। किसानों को लागत का डेढ़ गुना दाम दिया जा रहा है। किसान सम्मान निधि के माध्यम से कृषकों के जीवन में व्यापक परिवर्तन आया है।



सीएम ने लाभार्थियों से किया संवाद

सरकार की विभिन्न योजनाओं की लाभार्थी चंदौली जनपद की निर्जला देवी ने कहा कि पहले की सरकारों के कार्यक्रम में हम कच्चे मकान में रहते थे। आपकी कृपा से हम और हमारा परिवार आज बहुत खुश है। आज हमारे पास पक्का मकान, शौचालय, आयुष्मान कार्ड, फ्री में राशन और महिला स्वयं सेवी समूह के माध्यम से रोजगार प्राप्त हो रहा है।

महोबा से श्याम सखी ने बताया कि पहले की सरकारों में हमें कोई मकान नहीं मिला था। खपरैल वाले मकान में रहते थे, जब बारिश होती थी घर में पानी भर जाता था। आपकी सरकार में हमारा जीवन बदल गया है।

## लखनऊ मेट्रो का विस्तार राजधानी की आवश्यकता: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ



**लखनऊ**

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने राजधानी लखनऊ की आवश्यकता के लिए लखनऊ मेट्रो के विस्तार के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को एक महत्वपूर्ण बैठक में लखनऊ, आगरा और कानपुर मेट्रो की समीक्षा की और कहा कि मेट्रो सेवाओं के विस्तार में निजी क्षेत्र सहयोग का उत्सुक है। हमें उनका सहयोग लेना चाहिए। लखनऊ में चारबाग से चौक होते हुए वसंतकुंज तक मेट्रो के नए चरण के लिए डीपीआर तैयार कराएं। अंडरग्राउंड/एलिवेटेड की उपयुक्तता के परीक्षण कराएं। यथाशीघ्र प्रस्ताव तैयार कराकर प्रस्तुत करें। यह फेज एक बड़ी आबादी की अत्याधुनिक नगरीय परिवहन की सुविधा से जोड़ने वाला होगा। वर्तमान में लखनऊ में संचालित हो रही मेट्रो को एक ओर आईआईएम तक तथा दूसरी ओर एसजीपीजीआई तक विस्तार दिया जाना चाहिए। निजी क्षेत्र की अनेक कंपनियां इसके लिए सहयोग देने को इच्छुक हैं। ऐसे में हमें पीपीपी मोड पर विस्तारीकरण के लिए विचार करना चाहिए। मेट्रो रेल परिसर में व्यावसायिक गतिविधियों को और प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए। पैसेंजर सर्विस और सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किए जाएं। भूमिगत मेट्रो परियोजनाओं के लिए कार्य करते समय सभी सुरक्षा प्रबन्ध सुनिश्चित किए जाएं।

## इस साल के अंत तक पूरी तरह से लागू हो जाएंगे नए आपराधिक कानून

**नई दिल्ली**

**औपनिवेशिक** कानूनों की जगह नए आपराधिक कानूनों को लागू करने की प्रक्रिया इस साल के अंत तक पूरी हो जाएगी। ये कानून अगले एक-दो महीने में अधिसूचित होते ही अमल में आने शुरू हो जाएंगे और विभिन्न अपराधों में नए कानून की धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज होनी शुरू जाएगी। इसके लिए पुलिसकर्मियों और अभियोजकों को प्रशिक्षित करने, मोबाइल फॉरेंसिक लैब उपलब्ध करने और थानों, जेलों और अदालतों को तकनीक सक्षम बनाने में एक साल का समय लग सकता है। संसद में नए कानूनों पर



चर्चा के दौरान गृहमंत्री अमित शाह ने कहा था कि पूरी तरह से लागू होने के बाद भारतीय आपराधिक न्याय प्रणाली पूरी दुनिया में सबसे आधुनिक होगी।

**कानूनों को जल्द लागू करने का काम शुरू होगा**

गृह मंत्रालय के उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार नए कानूनों को जल्द से जल्द लागू करने का काम शुरू हो गया है और खुद अमित शाह ने केरल और अरुणाचल प्रदेश को छोड़कर सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से बात कर ली है। सभी राज्य नए आपराधिक कानूनों को लागू करने के लिए तैयार हैं।

## 'गरीबों के पास घर हो, टॉयलेट हो, बिजली, गैस जैसी सुविधाओं से कोई भी वंचित न रहे'

**नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को लक्षद्वीप के अगत्ती में एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद लंबे समय तक इसके इंफ्रास्ट्रक्चर पर उतना ध्यान नहीं दिया गया। हमारी सरकार का प्रयास है कि गरीबों के पास घर हो, टॉयलेट हो, बिजली, गैस जैसी सुविधाओं से कोई भी वंचित न रहे। लक्षद्वीप में पीएम 1 हजार 150 करोड़ रुपए की योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इससे पहले पीएम ने तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट की नई टर्मिनल बिल्डिंग का उद्घाटन किया था। इसे 1100 करोड़ रुपए में बनाया गया है। इसके अलावा पीएम ने तमिलनाडु में रेल, सड़क, तेल और गैस, शिपिंग और उच्चतर शिक्षा क्षेत्र से जुड़ी 19 हजार 850 करोड़ रुपए से ज्यादा की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री सुबह 10:30 बजे सबसे पहले तिरुचिरापल्ली पहुंचे। यहां वे भारतीदासन विश्वविद्यालय के 38वें दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। उन्होंने गोल्ड मेडलिस्ट स्टूडेंट्स को सम्मानित किया। प्रधानमंत्री के साथ राज्य के गवर्नर आरएन रवि और मुख्यमंत्री एमके स्टालिन भी मौजूद रहे। लक्षद्वीप अनेक संभावनाओं से भरा है, लेकिन आजादी के बाद लंबे समय तक इसके इंफ्रास्ट्रक्चर पर उतना ध्यान नहीं दिया गया।



## राज्यव्यापी अभ्यास 'गुणोत्सव 2024' आयोजित करेगी असम सरकार



**डिब्रूगढ़**

असम सरकार 3 जनवरी से 8 फरवरी तक लगभग 40 लाख छात्रों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करने के लिए एक राज्यव्यापी अभ्यास 'गुणोत्सव 2024' आयोजित करेगी। शिक्षा मंत्री रनोज पेगु ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। एक संवाददाता सम्मेलन में इस वर्ष की मूल्यांकन प्रक्रिया की घोषणा करते हुए, पेगू ने कहा कि इस अभ्यास से सीखने के बेहतर परिणामों के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, "यह अभ्यास राज्य के 35 जिलों के 43,498 सरकारी स्कूलों में किया जाएगा, जिसमें 39,63,542 छात्र शामिल होंगे।" शिक्षा मंत्री ने कहा कि गुणोत्सव में शिक्षकों, छात्रों, प्रशासकों और स्थानीय समुदायों के सभी हितधारकों की भागीदारी होगी, जिससे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए उनके बीच जवाबदेही बढ़ेगी। इस साल का अभ्यास तीन चरणों में किया जाएगा, जिसमें 3-6 जनवरी के पहले दौर में 12 जिले, 9-12 जनवरी के बीच 13 जिले और 5-8 फरवरी के आखिरी चरण में शेष 10 जिले शामिल होंगे। पेगू ने कहा, "यह प्रत्येक बच्चे के सीखने के अंतराल की पहचान करेगा और ग्रेड-विशिष्ट परिणामों के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करेगा... यह शैक्षिक, सह-शैक्षणिक, बुनियादी ढांचे की उपलब्धता और उपयोग और सामुदायिक भागीदारी जैसे क्षेत्रों में स्कूलों के प्रदर्शन का भी आकलन करेगा।"

## सत्ताधीशों के लिए धर्मनिरपेक्षता अपमानजनक बन गई है: सोनिया गांधी

### लोकतंत्र को बचाने का दावा करने वाले ही उसे कमजोर कर रहे

**नई दिल्ली**

कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने कहा है कि सत्ता में बैठे लोगों के लिए धर्मनिरपेक्षता अपमानजनक बात बन गई है। इसकी वजह से हमारे समाज का ध्रुवीकरण बढ़ता जा रहा है। सोनिया ने कहा कि धर्मनिरपेक्षता भारत के लोकतंत्र की नींव का पत्थर है। सोनिया ने ये बातें मनोरमा ईयरबुक 2024 के लिए एक आर्टिकल में लिखीं। उन्होंने कहा कि सत्ता में बैठे लोग कहते तो हैं कि वे लोकतंत्र के लिए प्रतिबद्ध हैं, लेकिन वे इसे कमजोर कर रहे हैं। वे रास्ते जिनसे हमारा देश एकता और तालमेल की तरफ जाता, उन्हें ही बर्बाद किया जा रहा है। लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता गहराई से आपस में जुड़े हैं- जैसे किसी रेल की पटरी के दो ट्रैक, जो सरकार को एक मजबूत सोसाइटी बनाने की तरफ ले जाते हैं। सोनिया ने कहा कि हम सब इन शब्दों से वाकिफ हैं, जिन्हें हम डिबेट, स्पीच, स्कूली किताबों और संविधान की प्रस्तावना में पढ़ते हैं। इसके बावजूद इन अवधारणाओं का असल मतलब आसानी से समझ नहीं आता है। इन शब्दों को अगर साफ-साफ समझ लिया गया, तो हर नागरिक को भारत के इतिहास, मौजूदा समय की चुनौतियां और भविष्य की राह को बेहतर तरीके से समझने में मदद मिलेगी।

## मणिपुर: सुरक्षाबलों पर आरपीजी अटैक, 5 घायल


**इंफाल**

मणिपुर में 12 घंटे के अंदर दूसरी बार सुरक्षाबलों और विद्रोहियों के बीच मुठभेड़ हुई। इस दौरान सुरक्षाबलों पर आरपीजी से हमला किया गया, जिसमें मणिपुर पुलिस के 4 और बीएसएफ का एक जवान घायल हुआ है। उन्हें इलाज के लिए इम्फाल भेजा गया है। पुलिस अधिकारी के मुताबिक, आज (2 जनवरी) की सुबह तेंगनौपाल जिले के मोरेह शहर में सर्च ऑपरेशन चल रहा था। टीम ने दो लोगों को पकड़ा, इसी दौरान सुरक्षाबलों पर हमला किया गया। स्थानीय महिलाओं ने भी पकड़े गए लोगों को छुड़ाने का प्रयास किया। सुरक्षाबलों ने भी क्रॉस फायरिंग की। ऑपरेशन जारी है। मणिपुर में नए साल के पहले ही दिन (सोमवार) को एक बार फिर हिंसा हुई।

# ट्रक चालकों की हड़ताल: करीब दो हजार पेट्रोल पंपों पर ईंधन खत्म

**नई दिल्ली**

केंद्र सरकार के नए हिट एंड रन कानून के विरोध में ट्रक चालकों की देशव्यापी हड़ताल के दूसरे दिन मंगलवार को उत्तर और पश्चिम भारत के करीब दो हजार पेट्रोल पंपों पर ईंधन का भंडार खत्म हो गया है। पेट्रोलियम उद्योग से जुड़े लोगों ने बताया कि सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों ने ट्रक चालकों की हड़ताल की आशंका के मद्देजनर देशभर के अधिकांश पेट्रोल पंपों पर टैंक भरवा दिए थे। इसके बावजूद राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और पंजाब में कुछ पेट्रोल पंपों पर लोगों की भारी भीड़ के कारण ईंधन खत्म हो गया है, जबकि अधिकांश पेट्रोल पंपों को बंद कर दिया गया है। ईंधन की किल्लत होने की आशंका के कारण मुंबई और नागपुर में



पेट्रोल पंप पर आज लंबी कतारें देखी गईं। पेट्रोल पंप मालिकों का कहना है कि लोग जरूरत से ज्यादा तेल डलवा रहे हैं, जिससे पेट्रोल पंप खाली होने लगे हैं। दरअसल, हिट एंड रन के नए कानून के तहत अगर कोई बस, ट्रक और डंपर चालक किसी को कुचलकर भागता है, तो उसे 10 साल की जेल और सात लाख रुपये का जुमार्ना हो सकता है। ट्रक चालकों का कहना है कि यह कानून गलत है, इसे वापस लिया जाना चाहिए। चालकों के देशव्यापी हड़ताल की वजह से कई जगहों पर आवाजाही रुकी रही। उधर, हिट-एंड-रन मामलों पर नए कानून के खिलाफ ट्रक ड्राइवरों के देशव्यापी विरोध-प्रदर्शन पर केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह ने कहा कि हड़ताल की वजह से यात्रियों को परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नया कानून यात्रियों की मदद के लिए है। पहले ड्राइवर भाग जाता था, अब एक नया कानून बना जिसमें ड्राइवर सजग रहे...।

**हरियाणा: पंपों में एक हफ्ते का पेट्रोल-डीजल बचा; सप्लाई आधी हुई**

हरियाणा के पेट्रोल पंपों में 7 दिन का ही पेट्रोल-डीजल बचा है। राज्य में 3800 पेट्रोल पंप हैं। निजी ट्रक चालक पानीपत स्थित रिफाइनरी और बहादुरगढ़ स्थित प्लांट से तेल नहीं भरवा रहे हैं। जिन पेट्रोल पंपों के खुद के वाहन हैं, वे ही तेल पहुंचा पा रहे हैं। पूरी खबर यहां पढ़ें

**पंजाब: 30% पेट्रोल पंप खाली, कुछ में एक दिन का तेल बचा**

पंजाब में ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल का असर दिखना शुरू हो गया है। प्रदेश के 4100 पंपों में से 30% पंप कल रात ही खाली हो चुके थे।

वहीं कई पेट्रोल पंपों पर मात्र एक दिन का तेल बचा है, जो आज शाम तक बिक जाएगा। हड़ताल से आम जरूरी सेवाएं प्रभावित न हो, इसके लिए सरकार व तेल कंपनियां हड़ताल पर बैठे ऑपरेटरों से बातचीत कर रही है।

## 2047 तक विकसित देशों की सूची में होगा हमारा भारतः डा. वाचस्पति

अखंड भारत संदेश

**विकसित भारत संकल्प यात्रा में डॉ वाचस्पति ने जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़ने और लाभ उठाने की अपील की**

**नगर पंचायत शंकरगढ़ के रामभवन चौराहे पर लगाई गई स्टाल**



**शंकरगढ़।** विकसित भारत का संकल्प लिए विकसित भारत संकल्प यात्राह्न सोमवार को नगर पंचायत शंकरगढ़ में थी। यहां पर यात्रा की आगवानी बारा विधायक डा. वाचस्पति ने की। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और नगर पंचायत के सहयोग से रामभवन चौराहे पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

इसके पूर्व बारा विधायक डा. वाचस्पति ने सभी जनमानस को विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने की शपथ दिलाई। डॉक्टर वाचस्पति ने आयोजन के उद्देश्यों पर विस्तार प्रकाश डाला और बताया कि यह यात्रा क्यों जरूरी है।बारा विधायक डॉ वाचस्पति ने 22 जनवरी को श्री राम जन्मभूमि मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के मौके भव्य उत्सव मनाने की अपील की,और कहा कि इस दिन क्षेत्र के सभी मंदिरों को सजाया जाएगा उन्होंने प्रत्येक परिवारों से पांच दीपक जलाने की अपील करते हुए कहा कि 2047 तक हमारा भारत भी विकसित राष्ट्रों की सूची में शामिल हो जाएगा।कार्यक्रम के दौरान आपूर्ति विभाग, स्वास्थ्य विभाग, भारतीय स्टेट बैंक, कृषि बैंक आदि का स्टाल लगाया गया और संबंधित योजनाओं की जानकारी देते हुए उनका लाभ उठाने की अपील की गई। इस दौरान विभिन्न योजनाओं के लिए लोगों का पंजीकरण भी किया गया।मुख्य अतिथि डा. वाचस्पति ने लोगों को विकसित भारत से संबंधित नये साल का कैलेंडर भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान योजनाओं के लाभार्थियों ने ह्यमेरी कहानी मेरी जुबानीह्न के तहत अपने अनुभव को साझा किया, साथ ही पीएम प्रधानमंत्री और सीएम योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त किया।सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय (भारत सरकार) के नोडल अधिकारी राममूरत ने बताया कि ह्यविकसित भारत संकल्प यात्राह्न समाज के अंतिम पायदान पर खड़े पात्र और हकदार व्यक्तियों को सरकार की योजनाओं को लाभ दिलाने के लिए और जानकारी प्रदान करने के लिए चलाई जा रही है। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष पार्वती देवी, एसीपी बारा संतलाल सरोज,अधिशासी अधिकारी नवीन कुमार, डा. विनोद कुमार त्रिपाठी, राम खेलावन गुप्ता, दिनेश तिवारी, अनुपमा वैश्य, रोहित केसरवानी, मूलचंद्र गुप्ता, अनूप केसरवानी, श्यामू निषाद, राम जतन बंसल, सुरेश केसरवानी, रोहित गुप्ता, रतन केसरवानी, नरेंद्र गुप्ता, लिपिक प्रदीप कुमार उमा वर्मा, नेहा सिंह, ज्योति कनौजिया समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### आशुतोष निर्वाचन सचिव चुने गए

**मेजा।** बार एसोसिएशन मेजा के निर्वाचन हेतु निर्वाचन मंडल का गठन किया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी हीरालाल मिश्र ने बताया कि पारदर्शी चुनाव के लिए आशुतोष पांडेय को सचिव,प्रदीप यादव को सहायक सचिव बनाया गया। संजय शुक्ला, अवधेश गौड़, विनय तिवारी, विजय पांडेय और विमलेश तिवारी को सदस्य बनाया गया है। सोमवार को 13 सौ मतदाताओं की सूची जारी की गई।3 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 4 व 5 को नामांकन और 12 जनवरी को मतदान होगा।

### बीस लीटर कच्ची दारू के साथ एक महिला गिरफ्तार

**मऊआइमा।** बीस लीटर कच्ची महुआ की देशी शराब के साथ पुलिस ने एक महिला को गिरफतार कर विधिक कार्यवाही की है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम विशम्भरपुर निवासनीय कमला देवी पत्नी स्वर्गीय रामदास को बीस लीटर कच्ची महुआ की शराब के साथ पुलिस ने गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की है।

## न्यूज झरोखा

### कार्यकर्ता किसी भी पार्टी की रीढ़ः बारा विधायक

600 कार्यकताओं को शाल देकर किया सम्मानित



**बारा।** बारा विधायक डा. वचस्पति ने नये वर्ष के मौके पर कार्यकताओं को शाल भेंटकर सम्मानित किया। एमवी ग्रुप विधानसभा बारा के बैनर तले आयोजित बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मान समारोह में 600 कार्यकताओं को शाल देकर उनके कार्यों की तारीफ की गई। साधूराम कांप्लेक्स के पीछे गौहनिया मैदान पर सोमवार को आयोजित सम्मान समारोह में विधायक ने कार्यकताओं की तारीफ की। कहा, किसी भी पार्टी को उत्थान में कार्यकर्ता का अहम रोल होता है और भारतीय जनता पार्टी में कार्यकताओं का सम्मान सबसे ऊपर है। इस दौरान विधायक डा. वाचस्पति, एमवी ग्रुप के अध्यक्ष राधिका पटेल, आयोजक उमाशंकर बिंद ने क्षेत्रीय का?कताओं को शाल भेंट किया। इस मौके पर भाजपा, अपना दल के दर्जनों पदाधिकारी, कार्यकर्ता समेत फूलचंद्र पटेल, श्यामू निषाद,रामजतन बंसल समेत सैकडों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### लोकसभा चुनाव के लिए कार्यकर्ता तैयारी से करें काम : उत्तर मौर्य



**सहसों।** भारतीय जनता पार्टी गंगापार की जिला कार्य समिति की बैठक सोमवार को सहसों स्थित केसरवानी धर्मशाला में संपन्न हुई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि प्रभारी गंगापार उत्तर मौर्य ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारी में तन्मयता के साथ जुट जाएं सभी कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ स्तर पर भारतीय जनता पार्टी को जिताने का कार्य करें। बैठक को पूर्व विधायक प्रभा शंकर पाण्डेय, प्रशांत केसरी, विधायक गुरु प्रसाद मौर्या आदि ने भी बैठक में उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष भाजपा गंगापार कविता पटेल तथा संचालन जिला महामंत्री जीत लाल त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम के संयोजक भाजपा युवा नेता शाश्वत तिवारी ने आए हुए सभी लोगों के प्रति आभार प्रकट कर धन्यवाद ज्ञापित किया। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष अमरनाथ त्रिपाठी, पूर्व जिला अध्यक्ष कन्हैया लाल पांडे, जिला उपाध्यक्ष गंगापार अनिरुद्ध सिंह पटेल, पूर्व जिला उपाध्यक्ष गंगापार वीरेंद्र बहादुर सिंह, जिला कोषाध्यक्ष गंगापार आशीष केसरवानी, राम पलट पटेल, मंडल महामंत्री संजय सिंह, बृजेश त्रिपाठी, विजय लक्ष्मी चंदेल, मनोज तिवारी, भूपेंद्र सिंह, प्रभाकर द्विवेदी, सांसद मीडिया प्रभारी उमेश तिवारी, जय शुक्ला सहित आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### क्रिकेट मैच में बसवार ने जीत हांसिल की

**नैनी।** नैनी न्यू युवा क्रिकेट कमेटी ग्रामीण ददरी धनुहा मे सोमवार को उद्घाटन क्रिकेट मैच खेला गया। क्रिकेट मैच उद्घाटन अनिल कुमार पटेल, संजय प्रसाद व अनुज पटेल ने किया। वही उद्घाटन मैच घूरपुर बोगी व बसवार के बीच खेला गया। जिसमे उद्घाटन मैच बसवार ने जीत हासिल की। वही क्रिकेट देखने के लोगो की भीड़ इकट्ठा रही। इस मौके पर कमेटी के विश्व राज पटे, संजय, शिवकुमार, धर्मेंद कुमार, कुलदीप, सोनू, प्रदीप कुमार, आकाश सिंह, मिथिलेश, रंजीत, विजय, छोटल, महेंद्र आदि लोग मौजूद रहे।

### शिक्षक व समाजसेवी की याद में बांटा गया कंबल



**जसरा।** विकास खंड के नवीन मंडी स्थल जसरा में नव वर्ष के अवसर पर जसरा क्षेत्र के शिक्षक व समाज सेवी रहे स्व०गोपाल कृष्ण शुक्ल की याद में उनकी धर्मपत्नी व उनके पुत्रों ने गरीबों को कंबल बांटकर गरीबों को इस कड़कड़ाती ठंड से निजात दिलाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख जसरा अजीत सिंह उर्फ पप्पू छतहरा रहे। मंगलवार को क्षेत्र के नवीन मंडी स्थल जसरा पर लगभग डेढ़ सौ गरीबों को इससे कड़कड़ाती ठंड में कंबल वितरित कर लोगों को ठंड से निजात दिलाया। ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि गरीबों की सेवा ही सबसे बड़ी मानव सेवा होती है। ठंड के मौसम में जिन गरीबों के पास तन ढकने की व्यवस्था नहीं है। उनको कंबल देना एक पुण्य का काम है। उन्होंने प्रमुख समाजसेवी स्व०गोपाल कृष्ण शुक्ल के कार्यों के बारे में भी विस्तार से बताया तथा शिक्षा के क्षेत्र में उनके द्वारा दिए गए कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर उनके पुत्र व क्षेत्र पंचायत सदस्य अरुण कुमार शुक्ला, प्रभात कुमार शुक्ला उर्फ नीलू, हरीराम त्रिपाठी, वीरेंद्र शुक्ला शास्त्री, किसान नेता के के मिश्रा, हर प्रसाद पाठक, ग्राम प्रधान राम मनोहर कुशवाहा, दरोगा शुक्ला,छब्बा पांडे आदि दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायत पूरवांखास में राम भक्तों ने गाजे बाजे के साथ निकाली गई कलश यात्रा



**करछना।** प्रयागराज जिले के यमुना पार क्षेत्र के ग्राम पंचायत पूरवा खास में मंगलवार को रामजन्म भूमि अयोध्या से आएं अक्षत के साथ कलश शोभा यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में राम भक्तों ने जन-जन के मन में राम रमे जैसे जय घोष करते हुए लोगों को जागृत किया गया। कलश यात्रा ग्राम पंचायत हाथिगन से प्रारंभ होकर पूरवा खास से करेहा बजार से होते हुए संपन्न हुई। कलश यात्रा में डीजे के साथ गीत गाजे हुई। राम भक्तों ने यात्रा निकाली। इस मौके पर। प्रचारक अतुल, रजनीकांत, शारीरिक प्रमुख वीरेंद्र, बैदिक प्रमुख रामकृष्ण, नगर संघ संचालक पूर्व प्रधान जयप्रकाश जयसवाल, नगर करिवास मनीष, सेवा प्रमुख विनोद, कमलेश सुनील विकास जगदीश सह संयोजक महेश सिंह उमाशंकर भारतीय प्रधान, पूर्व प्रधान संजय भारतीय, रामकृष्ण मिश्रा थाना औद्योगिक क्षेत्र करछना थाना क्षेत्र पुलिस मौजूद रही।

## जाति धर्म से उठकर सबके सहयोग से हो रहा है विकास : सांसद

**नगर पंचायत कार्यालय भारतगंज में धूम धाम से कार्यक्रम सम्पन्न**

**महिलाओं की हुई गोद भराई बच्चों का हुआ अन्नप्राशन**




**मांडा।** विकास खंड मांडा क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत कार्यालय भारतगंज के प्रांगण में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि यमुनापार सांसद श्रीमती डॉ रीता बहुगुणा जोशी व विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष विनोद कुमार प्रजापति द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा की शपथ दिलाई गई। ग्रामीणों को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य ग्रामीण को सरकारी योजनाओं की जानकारी देना है। उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा कराये गए इस संकल्प यात्रा के तहत कोई भी ग्रामीण सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अछूता न रह जाए, इसके लिए संकल्प यात्रा के जरिए ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। सांसद ने बताई कि योजनाओं का लाभ कैसे गरीब पात्र ले सकते हैं। आदि के बारे में भी उन्हें जागरूक किया जा रहा है। वही नगर पंचायत अध्यक्षया फरा बेगम ने अपने कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिन गांवो व कस्बों में सरकारी योजनाओ से वंचित रह गए उन्हें सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही संकल्प यात्रा की सफलता होगी। और नए साल मुबारक दी। इसके बाद कार्यक्रम में आई गर्भवती महिलाओ की गोद भराई व छः माह पुरा कर चुके बच्चों का अन्नप्राशन ईओ भारतगंज बंटी कुमारी व अध्यक्षया ने कराया गया।कार्यक्रम में एडीएम जगदम्बा प्रसाद सिंह, सीडीपीओ रमेश कुमार, राजस्व विभाग से नूर मोहम्मद, सुजीत कुमार श्रीवास्तव, सीएचसी मांडा अधीक्षक डॉ अजीत सिंह, जय सिंह पटेल,भाजपा नेता नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आमिर भाई,मांडवी शरण द्विवेदी, सुरेश सिंह, चांद मोहम्मद उर्फ चंदू,पूर्व विधायक कलक्टर पाण्डेय , नगर पंचायत अध्यक्ष सिरसा व नगर पंचायत के सदस्यगण एवं नगर पंचायत के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।कार्यक्रम का संचालन राम बली मौर्य ने किया।

## ग्रामीणों के मन की बात को बताया : नोडल अधिकारी





**मांडा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्यों को बताया और कहा कि मोदी गारंटी वाहन द्वारा जो प्रसारण दिखाया जा रहा है। इसका कारण यह है कि सरकार की योजनाएं किन व्यक्तियों तक पहुंच पाया उन्हें रुबरु कराने के लिए केन्द्र की मोदी सरकार वाहन के माध्यम से जागरूक कर रहा है और जो भी लाभार्थी सरकारी सुविधाओ से वंचित रह गए हैं उनका विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम आयोजित कर उनका पंजीकरण कराया जाए। वहीं जगह जगह चल रहे कार्यक्रमों में उपस्थित लोगों की मन की बात को सुनकर भारत सरकार सूचना मंत्रालय के नोडल अधिकारी ने वार्ता के दौरान उक्त जानकारी दी। और यह भी बताया कि मुक्त राशन कुछ लोगों को नहीं मिल पा रहा है यह भी लोगों ने जानकारी दी लेकिन खाद्य रसद विभाग से को अधिकारी कार्यक्रम में नहीं शामिल हुए।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुँची, टिकरी व चिलबिला ग्राम पंचायत

उधर विकास खंड मांडा क्षेत्र के हर दो- दो ग्राम पंचायतो में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा हैं। वही मंगलवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा टिकरी व चिलबिला ग्राम पंचायतो में आयोजित की गई। ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा कराये गए इस संकल्प यात्रा के तहत कोई भी ग्रामीण सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अछूता न रह जाए, इसके लिए संकल्प यात्रा के जरिए ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही हैं।

### नपं अध्यक्ष ने सरकार की योजनाओ की तारीफ

भारतगंज नगर पंचायत अध्यक्ष ने सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि यदि आप सभी का सहयोग रहा तो 2047 तक भारत पूर्ण विकसित देशों में शामिल हो जाएगा। जिस तरीके से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ जी ने गरीब कुचले लोगों के लिए नई नई योजनाओ के जरिये आम जन मानस को जागरूक करने में कोई कसर नही छोड़ी है।

### रजनीश सिंह का लेखपाल पद पर चयन, ग्रामीणों में हर्ष



**जंघई।** बभनियांव, जंघई गांव निवासी रजनीश सिंह पुत्र स्व. राजेंद्र बहादुर सिंह का चयन लेखपाल पद पर होने से परिजनों एवं रिश्तेदारों तथा ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है सभी ने रजनीश को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किया है। बधाई देने वालों में बड़े पापा राम निरंजन सिंह, डॉक्टर अतिबल सिंह, चाचा अर्जुन सिंह, कमलेश सिंह चंद्रभान सिंह, तेज बहादुर सिंह, भाईयों में संदीप सिंह, पवन सिंह, संजू सिंह, संतोष सिंह, विपिन सिंह और विक्रांत सिंह, संदीप सिंह, रिक्की सिंह, नितिन सिंह एवं प्रधान राना सिंह, बबलू सिंह, कमला शंकर सिंह, नरसिंह बहादुर सिंह मास्टर सहित तमाम लोगों ने रजनीश सिंह को लेखपाल बनने पर बधाई दिया है।

## संकल्प विकसित भारत यात्रा से लोग उत्साहित गांवों में जुटी भीड़



**करछना** प्रयागराज विकास खंड करछना के गांवों में इन दिनों चलाई जा रही संकल्प विकसित भारत यात्रा से लोग उत्साहित हैं सरकार की योजनाओं को गांव-गांव जमीनी स्तर पर लोगों के दिलों में जगह बनाने के लिए चलाई जा रही संकल्प यात्रा से भारत सरकार की योजनाओं को पहुंचना मुख्य उद्देश्य लोग जान सके की भाजपा की सरकार बनने के बाद अब तक गरीबों के कल्याण के लिए किन-किन योजनाओं को धरातल पर उतारा है उसकी सही जानकारी गांव के कस्बे मोहल्ले गली आदि में रहने वाले लोग उन्हें योजनाओं को भलीभांति जान सकें कई ऐसी योजनाएं हैं भारत सरकार की जो गरीबों के लिए लाभकारी और हितकर कल्याणकारी चलाई गई है जिससे लोग उत्साहित होकर भारत संकल्प विकसित यात्रा में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं मंगलवार को विकास खंड करछना के ग्राम पंचायत लिगदहिया में आयोजित संकल्प विकसित भारत यात्रा के दौरान नेतृत्व कर रहे खंड विकास अधिकारी भी धीरेश गुप्ता सहायक विकास अधिकारी उदयभान एवं सचिव अक्षत सिंह प्रधान सुरेंद्र कुमार पटेल रोजगार सेवक के नेतृत्व में संचालित किया गया जिसमें सरकार की योजनाओं को लोगों की जानकारी दी गई इस मौके पर बड़ी संख्या में गांव के लोग महिलाएं बच्चे गणमान्य लोग उपस्थित रहे,

## माघ मेला शुरू होने से पहले काला हुआ गंगा जल

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** देश-दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन माघ मेला शुरू होने और पहले स्नान पर्व से 15 दिन पहले गंगा का पानी काला हो गया है। पानी से फेन भी उठ रहा है। संगम क्षेत्र में गंगा का जल काला होने से साधु-संतो और गंगा भक्तों में खासी नाराजगी है। यह बात गंगा प्रदूषण जनहित याचिका समिति के सदस्यों की जांच में सामने आई है।

**सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट से छोड़ा जा रहा गंदा पानी, नालों का पानी भी सीधे गंगा में गिर रहा**

गंगा प्रदूषण समिति के सदस्य वीसी श्रीवास्तव ने बताया कि पानी की जांच में पाया गया कि सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट से गंदा पानी छोड़े जाने और गंगा का जलस्तर कम होने से जल काला हुआ है। उन्होंने प्रशासन से गंगा में अधिक पानी छोड़े जाने की मांग की है। वीसी श्रीवास्तव ने बताया कि माघ मेला शुरू होने से पहले अगर पर्याप्त मात्रा में गंगा में पानी नहीं छोड़ा गया तो इसकी एनजीटी से शिकायत की जाएगी।

**प्रदूषण बोर्ड ने भी जांच के लिए नमूने लिए** वीसी श्रीवास्तव ने बताया कि गंगाजल काला होने की जानकारी केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को भी दी गई है। बोर्ड की टीम ने भी इसकी जांच के लिए नमूने लिए हैं। गंगा जल काला होने के बाद एसटीपी के आसपास निगरानी बढ़ा दी गई है। यूपी सरकार इस माघ मेले को महाकुंभ 2025 के रिहर्सल के तौर पर देख रही है।14 जनवरी से शुरू हो रहे माघ मेले में संगम की रेती पर लाखों श्रद्धालु और साधु संत देश-दुनिया से आएंगे। एक महीने तुबुओं के इस शहर में लाखों कल्पवासी सुबह-शाम गंगा स्नान करते हैं।

**हाईकोर्ट ने दे रखा है जल छोड़ने का आदेश**

गंगा भक्त और समिति के सदस्य योगेंद्र पांडेय कहते हैं कि गंगा का पानी काफी प्रदूषित है। यह स्थिति हमारे आपके द्वारा ही की गई है। हाईकोर्ट ने निर्देश दिया है कि गंगा में स्नान से पूर्व पर्याप्त मात्रा में जल छोड़ा जाए। पानी आने से प्रदूषण आगे चला जाएगा और जल स्वच्छ हो जाएगा। इसीलिए 2 दिन पहले संगम क्षेत्र पहुंचे यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिया था कि हर हाल में माघ मेला शुरू होने के पहले गंगा का जल निर्मल और स्नान करने योग्य होना चाहिए।

**कटान रोकने के लिए कम किया गया है पानी -मेलाधिकारी**

कुंभ मेलाधिकारी विजय किरण आनंद का कहना है कि अभी गंगा में काफी तेज कटान हो रही थी। माघ मेले को बसाने के लिए कटान के लिए पर्याप्त जमीन नहीं मिल पा रही थी। इसीलिए पानी कम किया गया है। अभी 3 हजार क्यूसेक से भी कम गंगा में पानी है। यह नार्मल दिनों में 8 हजार क्यूसेक पानी होता है। नरौरा से 6 हजार क्यूसेक जल छोड़ा गया है। यह प्रयागराज में संगम तक 4 जनवरी तक पहुंचेगा। 90 नालों का गंदा पानी गंगा में न गिरे इसको रोकने पर काम चल रहा है। इसके अलावा 11 एसटीपी का भी अपग्रेडेशन का काम चल रहा है। महाकुंभ से पहले यह सब हो जाएगा। इसके बाद गंगा का पानी एकदम निर्मल हो जाएगा।

# इंडेन गैस रिफलिंग प्लांट में टैंकर चालकों ने भी की हड़ताल

## 11 जिलों में झूंसी प्लांट से जाती है गैस सिलेंडर



**अखंड भारत संदेश**

**झूंसी।** ट्रक बस चालकों की हिट एंड रन से जुड़े कानून में बदलाव के चलते झूंसी स्थित इंडेन गैस बॉटलिंग प्लांट से गैस सिलेंडर लेकर आसपास के जिलों में जाने वाले ट्रक चालकों व गैस लाने वाले टैंकर चालको ने मंगलवार को हड़ताल कर दी। घंटो समझाने के बाद कुछ चालक तो मान गए लेकिन ज्यादा तर हड़ताल पर ही है। चालकों की हड़ताल जल्द ही खत्म ना हुई तो इसका असर आसपास के 11 जिलों की रसोइयों पर भी नजर आने लगेगा। झूंसी स्थित इंडेन गैस बॉटलिंग प्लांट से प्रतिदिन 100 गाड़ियां गैस सिलेंडर लेकर प्रयागराज के साथ-साथ मिजार्पुर, सोनभद्र, भदोही, चित्रकूट, जौनपुर, चन्दौली बांदा, कौशांबी सहित 11 जिले में गैस की सप्लाई के लिए जाती है। चालकों से संबंधित नए कानून के विरोध में मंगलवार को गैस लेकर जाने वाले ट्रक व टैंकर चालकों ने हड़ताल कर दिया। प्लांट मैनेजर ने मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी स्थानी पुलिस के साथ मैनेजर भी घंटो चालको को समझाते रहे पर ट्रक चालक मानने को तैयार नहीं हुए। बताया जाता है कि 25 अस्थाई ट्रक चालक बाद में माने और गैस गोदाम के अंदर गाड़ी लेगये लेकिन ज्यादतर चालक अभी भी हड़ताल पर है। प्लांट कर्मियों की माने तो जल्द ही ट्रक चालकों की हड़ताल समाप्त नहीं हुई तो 11 जिलों में गैस की किल्लत शुरू हो जाएगी और इसका सीधा असर लोगो की रसोई पर नजर आएगा।

## हड़ताल के कारण शहर के पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें



**प्रयागराज।** ट्रांसपोटर्स के हड़ताल के कारण प्रयागराज व आसपास के जिलों में पेट्रोल पंप की नई सप्लाई नहीं मिल पा रही है। यही कारण है कि सप्लाई बंद होने के डर के मारे सैकड़ों की संख्या में पेट्रोल पंपों पर लोग देखे जा रहे हैं। लंबी कतारों के कारण पेट्रोल पंपों पर मारा-मारी मची हुई है। हिट एंड रन मामले में नई गाइडलाइन आने के बाद पूरे देश में ट्रक ड्राइवर्स और ट्रांसपोटर्स ने हड़ताल कर रखी है, जिससे पेट्रोल व जरूरी सामग्रियों की सप्लाई बाधित हो रही है। आम जनता में भी भय की स्थिति है। पेट्रोल खत्म होने के बाद उनकी गाड़ियां कैसे चलेंगी इस डर से पेट्रोल पंपों पर भारी भीड़ देखी जा रही है। पहले हमें पहले हमें पेट्रोल देने को लेकर मारा मारी मची है। उत्तर प्रदेश ट्रेडर्स एसोसिएशन के उपाध्यक्ष दयाशंकर सिंह ने कहा कि हड़ताल के कारण नया माल नहीं आ पा रहा है। यही कारण है कि किल्लत हो रही है। आने वाले समय में और किल्लत हो सकती है।



# नैनी सेंटल जेल पहुंचे डीएम और जिला जज किया निरीक्षण

**नैनी।** नैनी सेंटल जेल में मंगलवार को डीएम और जिला जज नैनी सेंट्रल जेल पहुंचे किया निरीक्षण। जेल में अधिकारियों के साथ करीब दो घंटे जेल में बैरको का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कारागार की विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया और बंदियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को जाना। जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल और जिला जज संतोष राय मंगलवार दोपहर में केंद्रीय कारागार नैनी पहुंचे। उनके पहुंचने पर जेल कर्मियों हलचल सी मच गई। उन्होंने बैरकों का निरीक्षण किया इस दौरान बंदियों के बिस्तर हटवाकर तलाशी कराई। वहां रहने वाले बंदियों से उनकी समस्याएं को भी पूछा। भोजनालय के निरीक्षण के दौरान बंदियों को परोसे जाने वाले भोजन को भी देखा। साथ ही अस्पताल में बंद बंदियों के बारे में जानकारी हासिल की। इस मौके पर अधिकारियों ने भीषण ठंड को देखते हुए बंदियों को कंबल आदि की समूचित व्यवस्था करने को कहा। बंदियों को कानूनी सहयोग देने के साथ ही अदालत से वेल हो जाने के बावजूद जुमार्ना जमा नहीं कर पाने वाले बंदियों की मदद करने का निर्देश दिया। उन्होंने सीसीटीवी कंट्रोलरूम में बैठकर तमाम बंदियों की बैरकों का अवलोकन किया। इस दौरान एसपी यमुनापार अभिनव त्यागी समेत बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रही।

# जिला कार्यकारिणी एवं ब्लाक कार्यकारिणी के पदाधिकारी ने बीएसए से की शिष्टाचार भेंट

**उ.प्र. महिला शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष अनुरागिनी ने किया नेतृत्व**



**प्रयागराज।** मगंलवार को उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ की जिला अध्यक्ष अनुरागिनी के नेतृत्व में जिला कार्यकारिणी एवं ब्लाक कार्यकारिणी के पदाधिकारी ने बीएसए से शिष्टाचार भेंट कर पुष्प गुच्छ देकर नव वर्ष की शुभकामना दी, व 75 विद्यालयों के अध्यापकों का वेतन बहाली का ज्ञापन दिया। और अनुरोध किया गया कि सभी का वेतन बहाल कर दिया जाए । बीएसए ने संज्ञान में लेते हुए आश्वासन दिया , इसी क्रम में एडी बेसिक श्रीमती तनुजा त्रिपाठी जी से भी शिष्टाचार भेंट की उन्हें भी पुष्प गुच्छ देकर मुंह मीठा कराया, व नव वर्ष की शुभकामना दिया गया। वही मैम ने बड़ी ही गर्म जोशी से हमारे महिला शिक्षक संघ को मान्यता मिलने कि बधाई दी ।इसी क्रम में सभी पदाधिकारी वित्त एवं लेखा अधिकारी श्रीमती नीतू सिंह यादव जी से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें भी पुष्पगुच्छ प्रदान किया गया साथ में मुंह मीठा कराया आदरणीय मैडम से एनपीएस पर वार्ता की गई और जो धनराशि शिक्षकों के खाते में अभी तक नहीं आ पाई है, उसके विषय में चर्चा किया।आदरणीय मैडम ने के द्वारा बताया गया की 3 से 4 दिन में सभी की धनराशि उनके अकाउंट में चली जाएगी। साथ ही कुछ लेखा संबंधी समस्याओं पर भी वार्ता की गई जिसका महोदया ने संज्ञान में लेते हुए समय रहते निस्तारण करने की बात कही। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती कविता त्रिपाठी व ब्लॉक सोरांव की अध्यक्ष श्रीमती श्वेता श्रीवास्तव व कोषाध्यक्ष अर्चना गुप्ता उपस्थित रही।

### अवैध नशीला पाउडर बरामद

**नैनी।** नैनी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक यश पाल सिंह के कुशल नेतृत्व में चौकी प्रभारी छिवकी अमित कुमार सिंह द्वारा सोमवार को मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त संगम लाल भारतीया पुत्र स्व0 धर्मदेव भारतीया निवासी संजय नगर छिवकी थाना नैनी को टीएसएल गेट के पास थाना क्षेत्र नैनी से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त उपरोक्त के कब्जे से 200 ग्राम अवैध नशीला पाउडर (डायजापाम) बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी बरामदगी के संबंध में थाना नैनी में मु0अ0सं0 003/2024 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी ।

### नैनी पुलिस द्वारा अभियुक्त गिरफ्तार कब्जे से 04 देशी बम बरामद

**नैनी।** नैनी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक यश पाल सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना नैनी पुलिस द्वारा मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त दीपक गुप्ता पुत्र रामआसरे निवासी त्रिवेणी नगर थाना नैनी को लेप्रोसी पार्किग मैदान के पास थाना क्षेत्र नैनी से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त उपरोक्त के कब्जे से 04 अवैध देशी बम बरामद किये गये। उक्त गिरफ्तारी बरामदगी के संबंध में थाना नैनी में विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

# हिट एंड रनः बस और ट्रक चालकों के चक्काजाम से बीच राह फंसे मुसाफिर

**बारा विधायक डा. वाचस्पति ने मौके पर पहुंच बस चालकों से की बातचीत**

**विधायक की पहल पर एआरएम ने कुछ रूट पर बसों का संचालन करवाया**



**बारा।** सड़क दुर्घटना के नये कानून को लेकर चालकों के विरोध-प्रदर्शन का खामियाजा मुसाफिरों को भी भुगतना पड़ा। हिट एंड रन को लेकर बनाए गए नये कानून के खिलाफ यमुनापार के बारा और शंकरगढ़ में ट्रक व बस चालकों ने जाम लगाकर हड़ताल शुरू कर दी है। रोडवेज की अनुबंधित और निजी बसों के चालक हड़ताल पर चले गए हैं और ट्रक चालक भी इस हड़ताल में शामिल हैं। नये साल की सुबह से ही रोडवेज की बसों का संचालन नहीं होने से यात्रियों की भीड़ गंतव्य तक पहुंचने के लिए इधर-उधर भटक रही है। इस वजह से सोमवार की तरह मंगलवार को भी यमुनापार के विभिन्न रूटों पर बसों को संचालन नहीं हो सका। बसों का संचालन नहीं होने से यात्रियों को आवागमन के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। शंकरगढ़ में ट्रक व बस चालकों के हड़ताल पर जाने की सूचना पर शंकरगढ़ पहुंचे बारा विधायक डॉक्टर वाचस्पति ने दोपहर बाद कुछ रूटों पर एआरएम से वार्ता कर अनुबंधित बसों का संचालन करवाया। नये कानून के विरोध में सोमवार को रोडवेज की अनुबंधित और निजी बसों के चालकों के साथ ट्रक चालकों ने भी हड़ताल कर दी। चालकों ने विरोध प्रदर्शन कर नए कानून का विरोध किया।

**इसी नये कानून का हो रहा विरोध**

हिट एंड रन को लेकर बनाए गए नये कानून में सड़क हादसा होने पर आरोपी वाहन चालक को 10 साल की सजा और 5 लाख रुपये जुमार्ने का प्रावधान किया गया है। चालक इसी कानून का लगातार विरोध कर रहे हैं। चालकों का कहना है कि रोजाना करीब 300 से 400 रुपये तक कमाते हैं, यदि हादसे में इस तरह से जुमार्ना और सजा होगी तो परिवार भुखमरी के कगार पर आ जाएगा। सरकार इस काले कानून को वापस ले, नहीं तो हड़ताल जारी रहेगी।

# शुआट्स के कुलपति प्रो. आरबी लाल की जमानत खारिज



**प्रयागराज।** इलाहाबाद जिला न्यायालय ने पूर्व भाजपा नेता दिवाकर नाथ त्रिपाठी पर जानलेवा हमले से आरोप में रविवार को गिरफ्तार हुए शुआट्स विश्व विद्यालय के कुलपति प्रो. आरबी लाल की जमानत खारिज कर दी है। कोर्ट ने पुलिस की अर्जी पर 14 दिन की रिमांड मंजूर करते हुए 16 जनवरी को फिर से अदालत में पेश करने का आदेश दिया है। यह आदेश अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नीलम वर्मा की अदालत ने प्रो. आरबी लाल की ओर से दाखिल जमानत अर्जी पर सुनवाई करते हुए दिया। मामला नैनी थाना क्षेत्र का है। पूर्व भाजपा नेता दिवाकर नाथ त्रिपाठी की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस में जानलेवा हमले के आरोप में एफआईआर दर्ज कर रविवार को गिरफ्तार कर लिया था। कचहरी में रिमांड मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश करने के बाद दो दिन की रिमांड पर नैनी सेंट्रल जेल भेजा था ।जिला शासकीय अधिवक्ता फैजदारी गुलाब चंद्र अग्रहरि ने बताया कि दो दिन की रिमांड खत्म होने पर मंगलवार को पुलिस ने प्रो. आरबी लाल को अदालत में पेश किया था। आरबी लाल की ओर से उनके वकील में जमानत अर्जी दाखिल की थी। जिसे अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने खारिज कर दिया। मौजूदा मामले में प्रो आरबी लाल के साथ घटना में साथ रहे उनके साथी अभी फरार है, इसलिए पुलिस में पूछताछ के लिए रिमांड अर्जी दाखिल की थी, जिसे अदालत में मंजूर करते हुए 14 दिन की रिमांड की इजाजत दे दी। 16 जनवरी को आरोपी की फिर से पेशी होगी।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस पर नगर आयुक्त ने सुनी जनता की समस्याएं



**प्रयागराज।** नगर आयुक्त नगर निगम प्रयागराज, चन्द्र मोहन गर्ग द्वारा मंगलवार को जन सुनवाई करते हुए नगर निगम में आये हुए शिकायतकताओं की शिकायतों को सुना गया। जिसमें कुल 25 शिकायतें प्राप्त हुई। नगर आयुक्त द्वारा शिकायतकताओं की शिकायतों को निस्तारित किये जाने हेतु सम्बन्धित अधिकरियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये, और यह भी निर्देशित किया गया, साथ ही शिकायतो के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलिता न बरती जाय इसका भी विशेष ध्यान दिया जाय। सम्भवह्य जनसुनवाई बैठक के दौरान, अपर नगर आयुक्त अरविन्द राय दीपेन्द्र यादव एवं अरूण कुमार गुप्ता, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी/जन सम्पर्क अधिकारी पी0के0द्विवेदी, मुख्य अभियन्ता सतीश कुमार, मुख्य अभियन्ता विद्युत/यॉत्रिक संजय कुमार कटियार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी अभिषेक सिंह, पर्यावरण अभियन्ता उत्तम कुमार वर्मा, महाप्रबन्धक जलकल कुमार गौरव, पशुधन अधिकारी डा0 विजय अमृतराज, जोनल अधिकारी संजय ममगई, मदन गोपाल, सुर्दशन चन्द्रा, दिलीप कुमार श्रीवास्तव, अधिशासी अभियन्ता नजमी मुज्फ्फर, लेखाअधिकारी अक्षय कुमार आदि अधिकारीगण उपस्थित रहें।

### दूसरे दिन भी नही मिला नदी में डूबे व्यक्ति का शव खोजबीन जारी



**मेजा।** कोहडार के मई खुर्द गांव नदी में डुबे व्यक्ति की खोजबीन जारी है। प्रभारी निरीक्षक राजेश उपाध्याय ने बताया कि पुलिस के साथ जल पुलिस, गोताखोर तथा एसडीआरएफ की टीम तलास में जुटी हुयी है। लेकिन सफलता हासिल नहीं हो सकी है। बताया कि नदी में अधिक बहाव के कारण टीमों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बहरहाल टीमों द्वारा संयुक्त रूप से प्रयास जारी है। उन्होंने जल्द ही सफलता मिल जाने की उम्मीद जतायी है। बता दे दुर्घटना के वक्त नाव पर पांच व्यक्ति सवार थे, जिनमें से चार व्यक्तियों ने कूद कर किसी तरह अपनी जान बचा ली थी। जबकि राम मूरत निषाद डूब गया था। वहीं घटना के बाद स्वजनों में कोहराम मचा हुआ है। टोंस नदी घाट पर पारिवारिक जनों के साथ ग्रामीण मौजूद रहे, जहां लोगों का रो–रो कर बुरा हाल रहा।

# ठंड ने बिगाड़ा मौसम का मिजाज, दिन में कोहरे से राहत, गलन बढ़ाई परेशानी

**प्रयागराज।** उत्तर भारत के साथ प्रयागराज में भी ठंड का कहर लगातार जारी है। इसी के चलते साल 2025 का पहला दिन काफी ठंडा रहा। सुबह से ही धुंध ने आसमान पर अपना कब्जा जमा रखा था। जिसके कारण खिली धूप लोगों को नसीब नहीं हो सकी। वहीं दिन में कोहरे से कुछ राहत मिलती देखी गई। मगर गलन ने परेशानी बढ़ा दी। जिसके कारण लोगों को दिन के समय भी आग का सहारा लेना पड़ रहा था। हालांकि साल का पहला दिन होने के कारण लोगों ने इस ठंडे मौसम का भी जमकर लुप्त उठाया। लेकिन कई ऐसे भी लोग थे, जिन्होंने ठंड को देखते हुए घर पर ही नया साल मनाना उचित समझा। फिलहाल मौसम के मिजाज को देखते हुए यह कहना गलत नहीं होगा कि अभी दो से तीन दिन लोगों को ठंड से राहत मिलने वाली नहीं है।शहर की सुबह साफ रही, लेकिन दोपहर होते-होते मौसम का मिजाज बदल गया। आसमान बादलों से घिर गया। ठंडी हवाओं ने कंपकंपी बढ़ा दी। सुबह के समय से ही ठंड ने अपना रूप दिखाना शुरू कर दिया। वहीं दिन बढ़ने के साथ ठंड ने अपने पैर पसारने शुरू कर दिए। जिसके कारण सुबह के मुकाबले दिन में तापमान लुढ़क गया। ठंड की वजह से कई लोग घर में कैद रहे। ठंड से राहत मिलने की फिलहाल कोई संभावना नहीं है। तापमान में गिरावट के साथ शीतलहरी के साथ ठंड बढ़ने की उम्मीद है। वहीं शाम के समय गलन और भी अधिक बढ़ गई। जिसके कारण दिन डूबने के साथ कई मोहल्लों की सड़कों पर नया साल होने के बावजूद सन्नाटा पसरा रहा। विशेषज्ञों की मानें तो अभी गलन और बढ़ने के आसार हैं। ऐसे में जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलें।

# मैत्री क्रिकेट मैच महापौर एकादश बनाम नगर आयुक्त एकादश



**प्रयागराज।** नगर निगम प्रयागराज उमेशचन्द्र गणेश केसरवानी (महापौर) जी के द्वारा खेलो प्रयागराज महापौर कप-2023 प्रतियोगिता का आयोजन 25 दिसम्बर, 2023 से 05 जनवरी, 2024 तक किया जा रहा है। जिसके क्रम में आज दिनांक 02 जनवरी 2024 को दोपहर 12 बजे से मैत्री मैच का आयोजन के0पी0 कॉलेज ग्राउंड में किया गया है। महापौर एकादश ( महापौर एवं पार्षद) एवं नगर आयुक्त नगर निगम प्रयागराज एकादश (नगर निगम के समस्त अधिकारीगण) के मध्य तीन मैच खेला गया। प्रथम मैच महापौर एकादश विजयी तथा द्वितीय मैच नगर आयुक्त एकादश विजयी घोषित हुए तथा तृतीय मैच में नगर आयुक्त एकादश द्वारा टास जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया गया। महापौर एकादश टीम के बल्लेबाजों ने 6 ओवर में 5 विकेट खोकर 96 रनों का लक्ष्य दिया इसी के साथ ही नगर आयुक्त एकादश टीम के बल्लेबाजो द्वारा द्वितीय पाली में 6 ओवरों में 5 विकेट खोकर मात्र 66 रन ही बनाए। मैच की अम्पायरिंग/रेफ्री इलाहाबाद क्रिकेट एसोशिएसन के शुमम कुमार राय द्वारा किया गया। इस दौरान नगर निगम प्रयागराज के समस्त पार्षद एवं नगर निगम के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# माघ मेले में कुंभ के प्रयोग, पहली बार पांटून पुलों पर सौर ऊर्जा वाले डेलीनेटर

**प्रयागराज।** माघ मेले में महाकुंभ के प्रयोग शुरू हो गए हैं। पहली बार पांटून पुलों पर ट्रैफिक मार्कर के तौर पर सौर ऊर्जा से संचालित होने वाले डेलीनेटर लगाए जा रहे हैं। इस डेलीनेटर से पांटून पुलों पर सुरक्षित यातायात हो सकेगा। खराब मौसम में दृश्यता न होने पर भी इस डेलीनेटर की मदद से पांटून पुलों पर हादसे रोके जा सकेंगे। साथ ही रंग-बिरंगी रोशनी से नहाए पांटून पुल हर किसी का ध्यान खींचेंगे।डेलीनेटर पोस्ट को अभी महावीर पांटून पुल पर लगाया जा रहा है। करीब तीन सौ से अधिक डेलीनेटर पोस्ट इस पांटून पुल पर लगाए जा रहे हैं। सौर ऊर्जा से प्रकाशित होने वाले यह डेलीनेटर ट्रैफिक मार्कर के रूप में काम करेंगे। पीपों के बीच रेलिंग पोस्ट के साथ इस डेलीनेटर को लगाया गया है। यह रेलिंग पोस्ट और पीपों के बीच चिपके हुए या 10 से 15 इंच तक बाहर निकले प्लास्टिक के खंभों की तरह दिखेंगे। डेलीनेटर का यह अभिनव प्रयोग पांटून की सीमा या सुरक्षित लेन को विभाजित करने और यातायात संकेतक के रूप में मदद करने के लिए होगा। महावीर पांटून पुल के अवर अभियंता दीपक कुमार बताते हैं कि पहली बार यह प्रयोग किया जा रहा है। डेलीनेटर शाम होते ही प्रकाशित हो जाएंगे। इनकी रोशनी की जगमगाहट संगम से लेकर अरैल घाट तक संतों, कल्पवासियों और श्रद्धालुओं का ध्यान खींचेगी।

**क्या है डेलीनेटर :** आम तौर पर डेलीनेटर पोस्ट एक प्लास्टिक ट्यूब निर्मित होता है। इस पोस्ट को अस्थायी और स्थायी दोनों तरह से स्थापित किया जा सकता है। माघ मेले में डेलीनेटर का उपयोग केवल दो महीने की अवधि के लिए ही किया जाएगा। पीडब्ल्यूडी के अभियंताओं के मुताबिक यह पोस्ट किसी हल्के होने के साथ ही मजबूत भी होते हैं। जबतक इन भारी प्रहार नहीं होगा तबतक क्षति नहीं होती। इनका रखरखाव तो आसान है ही, मरम्मत में कम समय खर्च होगा। अभी माघ मेले में महावीर और ओल्ड जीटी पांटून पुलों पर डेलीनेटर लगाए जाएंगे। यह प्रयोग सफल रहा तो इन्हें महाकुंभ में बनने वाले सभी 30 पांटून पुलों पर लगाया जाएगा।

**दीपक कुमार, अवर अभियंता, पीडब्ल्यूडी कुंभ मेला डिवीजन।**




# प्रधानमंत्री मोदी का संकल्प है भारत को विकसित राष्ट्र बनाना: सांसद

## पीरा नगर एवं रामपुर कोटवा में आयोजित हुआ ग्राम चैपाल कार्यक्रम

अखंड भारत संदेश

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प है कि भारत को विकसित भारत बनाना है। भारत विकसित राष्ट्र तभी बनेगा, जब समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान आयेगी। सरकार की योजनाओं से सभी पात्र को लाभन्वित करना है। यह सरकार की मंशा है कि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकार की योजनाओं से छूटने न पाये।

उक्त बातें मंगलवार को क्षेत्र के पीरा नगर एवं रामपुर कोटवा में विकसित भारत संकल्प यात्रा मोदी की गारण्टी गाड़ी ग्राम चैपाल कार्यक्रम कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सांसद कौशाम्बी, संसदीय आचार समिति लोकसभा के सभापति, दादरा नगर हवेली एवं दमन दीव के प्रभारी विनोद सोनकर ने कही। सांसद विनोद सोनकर ने कहा कि भाजपा की सरकार में सबका साथ सबका विकास सिर्फ नारा ही नही है। आज देश के हर वर्ग के लोगों को सरकार की योजनाएं मिल रही है। किसी की जाति पूछकर योजना नही दी जा रही है। प्रदेश में 2017 के पहले एक वर्ग विशेष को ही लाभ पहुंचाया जा रहा था। गुंडे माफिया लोगों का जीना हराम कर दिए थे। उत्तर प्रदेश की पुलिस गुंडे माफियाओ के आगे नतमस्तक थी। सड़क का चलना खतरे से खाली नही था। आज योगी आदित्यनाथ की सरकार में गुंडे माफिया नेस्त नाबूद कर दिए गए। जो जिस भाषा में समझता है। उसे पुलिस उसी भाषा में समझाती है। मोदी सरकार ने गारण्टी गाड़ी गांवो में जा रही है। अभी तक जिनको भी योजनाओं का लाभ नही मिल पाया ऐसे लोगों की सूची बन रही है। सरकार सीधे उन्हें योजनाओं का लाभ देगी। कार्यक्रम में भाजपा नेता शिव प्रकाश मिश्र सेनानी, जिला उपाध्यक्ष राजन मिश्र, कमलेश सोनकर, सांसद मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय, गोलू शुक्ल, राघवेंद्र तिवारी, दिनेश द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



लोगों से मुलाकात करते सांसद विनोद सोनकर।

# संकट मोचन शेड में सदर विधायक ने अधिवक्ताओं को दिया पूजित अक्षत व पत्रक

### 22 जनवरी को आयोजित कार्यक्रम के लिये अधिवक्ताओं से किया अनुरोध



संकट मोचन शेड में मौजूद सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा गृह संपर्क अभियान के तहत मंगलवार को सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य व भाजपा किसान मोर्चा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश सिंह की अगुवाई में सभासद तुषार दत्त मिश्र, सभासद योगेश सिंह सहित आदि लोगों ने जिला कलेक्ट्रेट स्थित संकट मोचन शेड पहुंच कर पूजित अक्षत व पत्रक के साथ रूरल बार के प्रदेश अध्यक्ष मुक्कू ओझा सहित तमाम अधिवक्ताओं को निमंत्रण दिया गया।

बता दें कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर एक जनवरी से घर-घर सम्पर्क कर पूजित अक्षत के साथ श्रीराम मंदिर का प्रतीक चिन्ह का पत्रक देकर 22 जनवरी का निमंत्रण दिया जा रहा है। इस मौके पर सदर विधायक ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में अभूतपूर्व आनंद का वातावरण होगा, आप सभी अधिवक्ता बंधु इस अवसर पर अपने ग्राम मोहल्ले में स्थित मंदिर पर आस-पास के श्रीराम भक्तों को एकजुट कर भजन कीर्तन के साथ पूजन-अर्चन कर प्रसाद वितरण करें। इस मौके पर रूरल बार के प्रदेश अध्यक्ष मुक्कू ओझा एडवोकेट ने सभी आगंतुकों का स्वागत करते हुए 22 जनवरी को बृहद कार्यक्रम हेतु सभी अधिवक्ताओं से अनुरोध किया। इस मौके पर जूनियर बार एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री जयप्रकाश मिश्र जेपी, अंजनी सिंह बाबा, आलोक सिंह, विनय सिंह, राममूर्ति, पूर्व महामंत्री संतोष नारायण मिश्र, सुभाष सिंह, राघवेंद्र सिंह, दीपू सिंह, गुड्डू सिंह, आशू सहित आदि मौजूद रहे।

# डम्फर ट्रक की टक्कर से बाईक सवार दो लोगों की हुई मौत

### उपचार के लिए ले जाते समय रास्ते मे दोनों की मौत

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** मानिकपुर नेशनल हाइवे पर सोमवार की देर शाम लगभग 9 बजे मानिकपुर थाना क्षेत्र के अलीगंज चैराहे पर एक ही बाइक पर सवार संजय मौर्य पुत्र छेदी लाल मौर्य (25) वर्षीय पड़ोस के आकाश सोनी पुत्र अमृतलाल सोनी (24) वर्षीय मानिकपुर निवासी के साथ खरीददारी के लिए अलीगंज पहुँचे कि आलापुर की तरफ से आ रही डम्फर ट्रक ने बाईक को जोरदार टक्कर मार दिया।

टक्कर से दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गये मौके पर ग्रामीणो की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची मानिकपुर थाना प्रभारी जयचंद भारती ने ट्रक को चालक सहित कब्जे मे लेकर घायलो को उपचार के लिए इम्बुलेंस से एस आर एन के लिए प्रयागराज भेजा, जंहा रास्ते मे दोनो की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पीड़ित परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया घटना को लेकर मानिकपुर के व्यापारियों मे आक्रोश इस बात का है राजमार्ग पर स्पीड से चलने वाले बड़े वाहनों पर पुलिस कोई अंकुश नहीं लगा पाती, जिसके चलते दोनों बाइक सवार की दर्दनाक मौत हो गई। मंगलवार को घटना को लेकर व्यापारियों ने अपनी अपनी प्रतिष्ठानें बन्द कर रखी थी। पुलिस ने शव की लिखा पढ़ी करके पोस्ट मार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। घटना को लेकर व्यापारियों मे शोक की लहर छा गई। दोनो मृतक संजय मौर्य व आकाश सोनी प्रतिष्ठित व्यवसायी पुत्र है।

# आरोपी के खिलाफ लूट के प्रयास का मुकदमा

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लीलापुर पुलिस ने लूट के प्रयास को लेकर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। क्षेत्र के रघवापुर निवासी संतोष कुमार पांडेय पुत्र स्व. रामराज पांडेय 31 दिसंबर की शाम अपनी पत्नी के साथ सगरा सुंदरपुर बाजार से बाइक से घर जा रहे थे। आरोप है कि बहवा पुल के पास एक कार पर सवार पांच लोग पहुंचे और ओवरटेक करके लूट का प्रयास किया। इसी बीच बाइक आते देख आरोपित हवाई फायरिंग करते भाग निकले। जांच के बाद पुलिस ने गहिरी निवासी इजरायल पुत्र इसराइल समेत पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक नीरज यादव का कहना है कि केस दर्ज किया गया है, जांच कर आरोपी के खिलाफ कार्यवाई की जायेगी।

# इफको ने ड्रोन से उर्वरक का निःशुल्क कराया छिड़काव

### लिक्विड उपयोग से उर्वरक की होती है आधी बचत

### रेहुआ में आधुनिक तकनीक देखने को उमड़ी भीड़

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** इफको कंपनी ने ड्रोन की मदद से लिक्विड उर्वरक को गेहू की फसल में निःशुल्क छिड़काव कराया। आधुनिक तकनीक से कम लागत में उर्वरक की पूरी मात्रा फसल को मिल जाती है। नई विधि को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी दिखाई दी।

सांगीपुर विकास खंड के रेहुआ लालगंज में पूर्व प्रधान महेंद्र प्रताप सिंह के गेहूं की फसल में इफको कंपनी ने ड्रोन से लिक्विड उर्वरक का निःशुल्क छिड़काव कराया। कंपनी के नोडल अधिकारी मोहित सिंह ने मौजूद किसानों को बताया कि एक एकड़ गेहूं की फसल में 500 एमएल नैनो यूरिया, 250 एमएल नैनो डीएपी व 250 एमएल नैनो सागरिका का छिड़काव एक बार में किया जाता है, जिसमें खर्च लगभग एक हजार के लगभग आता है। वही आप इतनी ही भूमि की फसल में बैग उर्वरक का उपयोग करते है तो लगभग तीन हजार का खर्च आता है। यदि किसान बैग उर्वरक को लिक्विड के रूप में तैयार करके प्रयोग करता है तो उसमे भी दो हजार के लगभग लागत आती है। साथ ही बताया कि लिक्विड नैनो यूरिया, डीएपी व सागरिका के उपयोग से किसानों को कम खर्च के साथ ही अच्छी उपज का भी लाभ मिलता है। ड्रोन के माध्यम से फसल के सभी पौधो को बराबर मात्रा में उर्वरक मिलती है। इफको ने ट्रायल के रूप मे एक ग्राम पचायत मे एक किसान का चयन कर उसकी फसल में निःशुल्क लिक्विड उर्वरक का छिड़काव करवा रही है। इस मौके पर इफको के तहसील प्रभारी अविनाश दुबे, शैलेश शर्मा, घनश्याम पटेल के साथ ही क्षेत्र के शैलेंद्र सिंह, डॉक्टर जगत वर्मा, विनोद सिंह, धर्मेंद्र सिंह, मनोज सिंह, राजेंद्र सिंह, सीता देवी शांति सूरज वर्मा, राम सुरेमन पाल, राजेश सिंह आदि किसान मौजूद रहे।



ड्रोन से उर्वरक का छिड़काव करते कम्पनी के लोग।

# पीड़ित लड़की के परिवार से मिला उद्योग व्यापार मण्डल

### पीड़ित लड़की की मां को दी गई आर्थिक सहायता

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** थाना रानीगंज के हरिहरगंज बाजार की बहादुर व्यापारी सुपुत्री सेजल उमरवैश्य की पुत्री के साथ मनचलों से हुई छेड़छाड़ की जानकारी होने पर पीड़ित लड़की व परिवार से मिलने उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी व जिला महामंत्री संजय सोनी के साथ रामापुर बाजार पहुंचे।

वहां रामापुर अध्यक्ष संजय मिश्रा, महामंत्री अमित उमरवैश्य, मदना गुप्ता, उमेश यादव, पट्टी बाजार से अध्यक्ष रामजी उमरवैश्य, रानीगंज बाजार से अध्यक्ष राजेन्द्र चौरसिया, गिरजाशंकर सोनी, लच्छीपुर बाजार से सनी गुप्ता, अमित धुरिया, दिनेश गुप्ता, तानिश सोनी, सुमित गुप्ता, रवि यादव, स्वप्निल वैश्य, शंकरगंज बाजार से मदन लाल, शीतला प्रसाद लल्लू, आशीष, केदारनाथ के अतिरिक्त शोभनाथ महुली से, रमेश मेढौली से, रमेश दुगार्गंज से आदि अन्य अनेक लोग गए। वहां पहुंचकर व्यापर मण्डल जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी ने पीड़ित व्यापारी परिवार से मुलाकात कर उनकी सुपुत्री को अपने अस्मत को बचाने में बहादुरी से लड़ने की सराहना की और पीड़ित लड़की की मां पूनम देवी को जिलाध्यक्ष ने पांच हजार रुपए स्वयं एवं मो. शाहिद रानीगंज ने पांच सौ रुपए देकर इलाज हेतु आर्थिक सहायता राशि दी। इसके अतिरिक्त जिलाध्यक्ष ने पीड़ित परिवार को आगे भविष्य में भी व्यापार मंडल द्वारा हर प्रकार के सहयोग व सहायता दिए जाने के लिए सांत्वना दिया। इस मौके पर हरिहरगंज बाजार के स्थानीय व्यवसाईयों में प्रमुख रूप से लालता प्रसाद उमरवैश्य, जयशंकर प्रसाद चैरसिया, लालचंद मोदनवाल, लल्लू राम साहू कोटेदार, शिवम उमरवैशी, आशीष कुमार सोनी, महेंद्र उमरवैश्य, फूलचंद साहू, आशीष उमरवैश्य, विकास उमरवैश्य, बृजेश मोदनवाल, केदारनाथ उमरवैश्य, विपिन कुमार गुप्ता, संतोष गुप्ता टेलर, शिवकुमार कुमार उमरवैश्य आदि अनेक लोग उपस्थित रहे।



पीड़ित लड़की के घर पर परिजनों से बातचीत करते व्यापार मण्डल के पदाधिकारी।

### बंधवा बाजार से पहले सड़क टूटी, राहगीर परेशान

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी तहसील स्थित बंधवा बाजार से ठीक पहले सड़क टूट गई है जिससे राहगीरो को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है, वही लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाई गई सड़क का विभाग उदासीन बना हुआ है। पट्टी तहसील से बहुता गांव से होते हुए सड़क बंधवा बाजार गई हुई है यह वही मार्ग है जो जौनपुर को प्रतापगढ़ से जोड़ती है। सड़क लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाया गया है लेकिन बंधवा बाजार से ठीक पहले सड़क टूट चुकी है कई जगह गड्ढे हो चुके हैं।

# घर-घर बांटा गया श्री रामजन्म भूमि पूजित अक्षत

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** पूर्व सांसद राजकुमारी रत्ना सिंह को श्रीराम जन्म भूमि अयोध्या से पूजित अक्षत को घर घर बाटने के लिए दिया गया जिस पर मंगलवार को परियावां बाजार व पूरे धनऊ का पुरवा गांव में परियावां के सोम सोनी अश्वनी मोदनवाल, संदीप गुप्ता, सौरभ मौर्य, अमन जायसवाल सुभम अग्रहरि अंश अग्रहरि, शुभ जायसवाल, सुशांत जायसवाल ने राजकुमारी रत्ना सिंह के द्वारा दिये गये पूजित अक्षत को घर घर एक चुटकी वितरण किया। बता दें कि बीते शनिवार को परियावां माता मइया धाम से कलश शोभा यात्रा परियावां से राजभवन कालाकांकर के लिए डीजे के साथ निकाली गई थी जंहा राजकुमारी रत्ना सिंह ने कलश यात्रा का स्वागत एव सत्कार करने के साथ सभी को अयोध्या से जुड़ी एक एक बुक लेट सभी को उपहार मे दिया था तथा साथ मे गांव गांव पूजित अक्षत घर घर वितरण करने के लिए दिया था।

# बच्चे भविष्य के निमार्ता, दे अच्छी शिक्षा: हरिप्रताप सिंह

## निर्धन छात्रों को बांटा गया स्वेटर व जूता

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** राजकीय इंटर कालेज में कुलश्रेष्ठ तिवारी के कुशल नेतृत्व में पूर्व विधायक एवं वर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष हरी प्रताप सिंह द्वारा 50 निर्धन छात्रों को स्वेटर एवं जूता एवं मोजा प्रदान किया गया। इस अवसर पर हरिप्रताप सिंह ने कि विद्यालय की नियमित सफाई महिला शौचालय बाउंड्री वॉल एवं अन्य सुविधाएं उनके माध्यम से बहुत जल्दी की जाएगी। साथ ही साथ विद्यालय की स्टाफ की संख्या में बढ़ोतरी के लिए शासन में पैरवी करने की बात कही।

उन्होंने कहा कि यह बच्चे भविष्य के निमार्ता हैं। हमारा फर्ज है कि हम इन बच्चों को अच्छे से अच्छे शिक्षा देकर इनका उज्जवल भविष्य बनाएं। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने मुख्य अतिथि का स्वागत बुके के माध्यम से किया एवं छात्रों ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर बृजेश कुमार मिश्रा, अशोक कुमार मौर्य, संतोष कुमार मिश्रा, नुसरत अली, संदीप, सुधीर कुमार, योगेश पांडे, विनोद कुमार पांडे, अमरनाथ यादव, गयासुद्दीन खान, रामविलास कनौजिया आदि उपस्थित रहे। संचालन संतोष मिश्रा ने किया।



निर्धन छात्रों को स्वेटर देते नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह।

# चित्रगुप्त मंदिर में हुआ भजन कीर्तन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जेल रोड स्थित श्री चित्रगुप्त महाराज के मंदिर में जहां प्रति रविवार सामूहिक पूजन एवं आरती का कार्यक्रम संपन्न होता है। आज नव वर्ष के उपलक्ष्य में भजन कीर्तन समेत सुंदरकांड पाठ का सफल आयोजन किया गया एवं सभी कायस्थ समाज के सदस्य नन्ही मोक्षदा खरे, कमला श्रीवास्तव, सारिका श्रीवास्तव, रीता श्रीवास्तव, विशाखा श्रीवास्तव, ज्योति खरे, राजीव सक्सेना, शंकर सहाय, संजय खरे, उत्कर्ष खरे, क्षितिज श्रीवास्तव के साथ विख्यात समाज सेवी श्री चंद्रेश बहादुर सिंह ध्रुव तथा विक्रमपुर कोट के श्री हर्षदेव सिंह भी सम्मिलित रहे।



चित्रगुप्त मंदिर में भजन कीर्तन करते श्रद्धालु

## एसपी ने दो उपनिरीक्षकों का बढ़ाया मनोबल

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिले. के दो उपनिरीक्षक उ0नि0 श्याम सुन्दर लाल श्रीवास्तव व उ0नि0 रमेश कुमार यादव के निरीक्षक के रैंक पर पदोन्नति होने पर पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ सतपाल अंतिल, अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी दुर्गेश कुमार सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय द्वारा सभी के कंधे पर स्टार लगाकर बधाई दी गई एवं उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई। इस मौके पर सीओ सिटी करिश्मा गुप्ता, सीओ सदर अमरनाथ गुप्ता, सीओ लालगंज रामसूरत सोनकर एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

# शिक्षक विधायक के पिता के निधन पर विभिन्न संगठनों ने दी श्रद्धाजंलि

### शिक्षक नेताओं सहित आधा दर्जन विधान परिषद सदस्यों का हुआ जमावड़ा

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर के सांगीपुर वार्ड स्थिति श्रीरामजानकी मण्डपम में मंगलवार को शिक्षक विधायक एवं दैवीय आपदा प्रबंधन जांच समिति के चेयरमैन उमेश द्विवेदी के पिता समाजसेवी स्व0 पं0 सूर्य नारायण द्विवेदी की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम में प्रतापगढ़ समेत रायबरेली, हरदोई, बाराबंकी, लखनऊ आदि जिलों के शिक्षक नेताओं व जनप्रतिनिधियों समेत विभिन्न सगठनों के लोगों द्वारा श्रद्धाजंलि अर्पित की गयी।

लखनऊ खण्ड स्नातक क्षेत्र से विधान परिषद सदस्य अवनीश सिंह पटेल तथा एमएलसी सुरेन्द्र चैधरी, एमएलसी श्रीचन्द्र शर्मा, एमएलसी मानवेन्द्र गुरू, एमएलसी हरि सिंह ढिल्लों, व एमएलसी अरूण पाठक, एमएलसी बाबूलाल तिवारी तथा विधायक मनोज पाण्डेय, सांसद संगम लाल गुप्ता, पूर्व सांसद राजकुमारी रत्ना सिंह, पूर्व एमएलसी दीपक सिंह, पूर्व विधायक बृजेश सौरभ व पूर्व विधायक संजय मिश्रा, पूर्व विधायक धीरज ओझा ने स्व0 सूर्यनारायण के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके कृतृत्व व व्यक्तित्व को सामाजिक क्षेत्र के लिए प्रेरणास्पद कहा। क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधान मडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना की ओर से प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, शिव प्रकाश मिश्र सेनानी ने भी शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी के पिता के निधन पर श्रद्धाजंलि आर्पित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष अनीता द्विवेदी व संचालन शिक्षक बृजेश द्विवेदी व संयोजन चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी एवं अधिवक्ता महेश द्विवेदी ने किया। इस मौके पर एसडीएम लालधर यादव, सीओ रामसूरत सोनकर, ऑल इण्डिया रूलर बार एशोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल, ब्लाक प्रमुख इं0 अमित सिंह पकंज, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बब्लू, संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, व्यापार मंडल अध्यक्ष उदय शंकर द्विवेदी, अधिवक्ता अखिलेश द्विवेदी, संजय द्विवेदी समेत बड़ी संख्या में शिक्षकों ने भी स्व0 सूर्य नारायण द्विवेदी की स्मृति को नमन किया। वही कार्यक्रम में जिले के प्रशासनिक अधिकारियों की भी कार्यक्रम में मौजूदगी देखी गयी।

# गर्भवती महिलाओं की गोदभराई एवं बच्चों को डीएम ने कराया अन्नप्राशन

## मुख्यमंत्री द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत वर्चुअल माध्यम से लाभार्थियों से संवाद कार्यक्रम का किया गया सजीव प्रसारण

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने ग्राम पंचायत-जवई पड़री में आयोजित ह्वविकसित भारत संकल्प यात्राह्व कार्यक्रम में प्रतिभाग कर विभिन्न विभागों यथा-बेसिक शिक्षा, कृषि, दिव्यागजन सशक्तिकरण एवं स्वास्थ्य आदि विभाग द्वारा लगाये गये स्टॉलों का अवलोकन किया तथा सम्बन्धित अधिकारियों को पात्र लाभार्थियां का पंजीकरण कराकर लाभान्वित करने के निर्देश दियें। उन्हांने आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किया तथा गर्भवती महिलाओ की गोदभराई एवं बच्चों को अन्नप्राशन कराया इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा ह्वविकसित भारत संकल्प यात्राह्व के अन्तर्गत वर्चुअल माध्यम से लाभार्थियों से संवाद कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया तथा उपस्थित ग्रामवासियों ने मुख्यमंत्री के उद्बोधन को भी सुना। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत सरकार द्वारा ह्वविकसित भारत संकल्प यात्राह्व कार्यक्रम संचालित किया जा रहा हैं। यह कार्यक्रम 26 जनवरी 2024 तक संचालित किया जायेंगा। उन्होंने कहा कि ह्वविकसित भारत संकल्प यात्राह्व कार्यक्रम का उद्देश्य-सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में आमजन/ विशेषकर वंचित लोगों को जागरूक करना, विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत छूटे हुए पात्र लोगों को चिन्हित कर लाभान्वित करना तथा लाभान्वित लाभार्थियों से उनके अनुभव/ फीडबैक प्राप्त करना है। उन्हांने ग्रामवासियों से कहा कि विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉल के माध्यम से योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर लाभान्वित हों तथा किसान सम्मान निधि, राशन कार्ड एवं आवास आदि के लिए आवेदन/ पंजीकरण करा लें, जिससे पात्रता की स्थिति में लाभान्वित किया जा सकें। उन्हांने कहा कि सरकार द्वारा अनेक जनकल्याणकारी योजनायें संचालित की जा रहीं है, योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर लाभ उठायें।कार्यक्रम में अध्यक्ष नगर पंचायत सिराथू भोला यादव सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति तथा डीसी मनरेगा मनोज वर्मा, उपायुक्त एनआरएलएम सुखराज बन्धु, जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरेश कुमार गुप्ता, जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण अधिकारी राकेश वर्मा, खण्ड विकास अधिकारी भावेश शुक्ला सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## भवन्स मेहता विद्याश्रम में शार्ट सर्किट से लगी आग जलकर सारा सामान हुआ राख



**भरवारी कौशांबी** नगर पालिका परिषद भरवारी अंतर्गत कस्बा भरवारी के भवंस मेहता विद्या आश्रम में मंगलवार की सुबह आठ बजकर पंद्रह मिनट पर शार्ट सर्किट से आग लग गयी कार्यालय में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया आग इतनी विभीषण लगी थी कि देखते देखते सब कुछ जलकर खाक हो गया शीतलता के चलते स्कूल में बच्चों की छूटी चल ही रही थी लेकिन आज टीचर्स मीटिंग बुलाई गई थी जिससे सभी टीचर्स का आगमन हो ही रहा था इसी बीच लोगो ने धुआं उठता देख सभी लोग घबरा गए तभी देखा कि प्राचार्य संजय श्रीवास्तव के कमरे में भीषण आग लग गए है जिसकी सूचना मौजूद टीचर्स ने अग्नि समन दल को दिया। तब तक वहा मौजूद लोगो ने आग बुझाने में बहुत मेहनत कर आग बुझाने का प्रयास किया सूचना के कुछ देर बाद अग्निशमन दल भी मौके पर पहुंच गया और कड़ी मशक्कत के बाद अग्नि समन की टीम द्वारा आग पर काबू पाया गया इस बीच स्कूल में रखा सामानों में बड़ी मेज दो शोफा सेट एक एसी दो पंखे सी सी कैमरा एक गोदरेज की अलमारी सहित काफी समान जलकर राख हो गया लगभग लाखो का सामान के अलावा कमरों का दीवाल भी क्षतिग्रस्त हो गयी।

## वाहनों के हड़ताल के चलते गैस उपभोक्ता परेशान





**अझुवा कौशांबी।** 2 दिन से वाहनों के हड़ताल के चलते गैस सिलेंडरों की किल्लत होने लगी है सिलेंडर रिफिल ना होने से गैस एजेंटीयों से उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर नहीं मिल रहे हैं वाहनों के हड़ताल का सीधा असर दिखाई पड़ने लगा है सिराथू तहसील के अझुवा कस्बे में शिव शंकर गैस एजेंसी से मंगलवार को गैस सिलेंडर रिफिल करने के लिए पहुँचे उपभोक्ताओं को वापस लौटते हुए दिखाई पड़े है। घटनाक्रम के मुताबिक अझुवा कस्बे के टांडा रोड पर गैस एजेंसी खुली हुई है जिसमें वाहनों की हड़ताल को देखते हुए। मंगलवार को लोगों की भीड़ गैस के लिए एजेंसी पहुंचने लगे 2:00 बजे के बाद एबेंसी में गैस खत्म हो जाने के कारण लोग मायूस होकर वापस अपने अपने घर चले गए वहीं गैस एजेंसी मालिक योगेश्वर सिंह का कहना है मेरे यहां लगभग 28000 उपभोक्ता है जिसमें 28 दिसंबर को एक लोड आया था जिसमें 350 सिलेंडर आए थे। उसके बाद तीन दिन लोड नहीं आया। 1 जनवरी सोमवार को एक लोड 350सिलेंडर फिर आया जो मंगलवार दोपहर के बाद सिलेंडर खत्म हो गए।अगर डेली एक लोड आएगा तो दिक्कत नहीं होगी। विजय कुमार केसरवानी नेहरू नगर, हरिलाल मौलाना आजाद नगर सहित तमाम गैस उपभोक्ता गैस एजेंसी से सिलेंडर रिफिल ना होने पर वापस आते दिखाई पड़े हैं।

# वाहनों के नए कानून से नाराज वाहन चालकों की हड़ताल जारी

## ट्रक खड़ा कर सड़क कर दिया जाम,पब्लिक परेशान

**कौशाम्बी।** केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए वाहनों के नए कानून के विरोध में वाहन चालकों का प्रदर्शन लगातार तीसरे दिन जारी है, वाहन चालक कही पर भी सड़क पर वाहन खड़ा कर सड़क को जाम कर दे रहे है,सड़क जाम होने से पब्लिक को समस्या हो रही है।वही पुलिस सड़क जाम करने वाले चालको को लाठी पटक कर रास्ता क्लियर करने में जुटी हुई है। कोखराज थाना क्षेत्र के बिसारा के पास मंगलवार को ट्रक चालक और ट्रैक्टर चालक ने अपने वाहन को सड़क पर बेत्रतीन तरीके से आड़ा तिरछा खड़ा कर दिया और सड़क को जाम कर दिया,सड़क जाम हो जाने से वाहनों की दोनो तरफ लंबी लाइन लग गई। सड़क जाम की सूचना जैसे ही सिंघिया चौकी पुलिस को मिली,पुलिस चौकी प्रभारी संतोष चौरसिया सिपाहियो के साथ मौके पर पहुंचे और ट्रैक्टर और ट्रक चालकों को हटवा कर जाम को समाप्त करा रास्ता क्लियर करा दिया।इस दौरान लगभग आधा घंटे तक लोग परेशान रहे।







## वाहन चालकों के लिए बनाए गये नए नियम के खिलाफ वाहन चालकों ने किया प्रदर्शन, डीएम को सौंपा ज्ञापन




**कौशाम्बी।** केंद्र सरकार द्वारा वाहन चालकों के खिलाफ आपराधिक और दंडात्मक नया कानून लागू कर दिया गया, इससे वाहन चालक भुखमरी की कगार पर आ जायेंगे। वाहन चालकों ने सरकार द्वारा पारित नए कानून के खिलाफ धरना प्रदर्शन कर उसे वापस लेने की मांग का प्रधानमंत्री से सम्बोधित डीएम सुजीत कुमार को ज्ञापन सौंपा है। केंद्र सरकार द्वारा वाहन चालकों के खिलाफ संसद में नया कानून पारित किया जा रहा है। नए कानून के अंतर्गत वाहन चालक को दुर्घटना के दौरान किसी व्यक्ति की मौत होने पर 10 साल की सजा और 7 लाख के जुमार्ना का प्रावधान किया गया है। इससे वाहन चालकों में आक्रोश व्याप्त है। हजारों की संख्या में छोटे-बड़े वाहनों के चालक नए कानून को वापस लेने के लिए सरकार के खिलाफ देश और प्रदेश मे धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। वाहन चालकों के धरना प्रदर्शन से चौथे दिन आवा गमन बाधित हो रहा है। वहीं पर माल भाड़े में भी किराया का इजाफा हो रहा है। इस मौके पर विक्रम अप्पे यूनियन के जिला अध्यक्ष मोहम्मद नसीम के साथ हजारों वाहन चालकों ने धरना प्रदर्शन किया है। मोहम्मद नसीम ने वाहन चालकों के साथ डीएम सुजीत कुमार को ज्ञापन सौंप कर सरकार से कानून को वापस लेने की गुहार लगाई है,कानून वापस ना लिए जाने पर हड़ताल जारी रखने की भी बात कही है।

## चोरी के मोबाइल के साथ अभियुक्त गिरफ्तार पुलिस ने भेजा न्यायालय



**अझुवा कौशांबी।** सिराथू चौकी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सयांरा चौराहे से एक मोबाइल चोर आसिफ पुत्र असफाक निवासी इजूरा बुजुर्ग थाना सुल्तानपुर घोष जिला फतेहपुर को हिरासत में लेकर न्यायालय सुपुर्द किया है चोर ने मोबाइल चुराने का आरोप स्वीकार किया मोबाइल बरामद कर आरोपी को पुलिस ने न्यायालय भेज दिया है वहीं कपिल चौरसिया निवासी सिराथू ने बताया उसका मोबाइल करीब 2 माह पहले बात करते समय सिराथू रेलवे ओवर ब्रिज से उतरते समय छिनैती हो गई थी जिसको लेकर पुलिस की बड़ी किरकिरी हुई थी किरकिरी से हरकत में आए पुलिस प्रशासन ने टीम गठित कर सयांरा चौराहे से मोबाइल बेचते समय धर दबोचा और माननीय न्यायालय को सुपुर्द किया है।

## विवाहिता को पड़ोसी लेकर हुआ फरार

**टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी** कोखराज थाना क्षेत्र के शहजादपुर में एक विवाहिता को उसका पड़ोसी लेकर फरार हो गया। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत की है। शहजादपुर निवासी मनोज कुमार पटेल मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। घर में भैंस खरीदने के लिए उसने धीरे धीरे साठ हजार रुपया इकट्ठा किया हुआ था। रविवार की शाम को पड़ोसी राजकुमार यादव व उसका साला मनोज की पत्नी मीरा देवी को बहला फुसला कर भगा ले गया। पीड़ित ने बताया की भागने के साथ साथ वह घर में रखा साठ हजार रुपया नगद और जेवरात भी साथ में उठा ले गई। घटना की शिकायत स्थानीय स्तर पर न सुने पर पीड़ित में मंगलवार को पुलिस अधीक्षक से करते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

## 03 जनवरी को आयोजित होगा विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम

**ग्राम पंचायत-त्रिलोकपुर, कमालपुर व बरेठी आमदपुर, चक कोरियों पूरे फैज, शेखपुर रसूलपुर एवं जलालपुर जवाहर गंज में होगा कार्यक्रम**

**कौशाम्बी।** जनपद की ग्राम पंचायत-त्रिलोकपुर, कमालपुर व बरेठी आमदपुर में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक तथा चक कोरियों पूरे फैज, शेखपुर रसूलपुर व जलालपुर जवाहर गंज में 02 बजे से सायं 4:30 बजे तक दिनांक 03 जरवरी 2023 को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया जायेंगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में सरकार की विभिन्न जनकल्याण कारी योजनाओं की जानकारी तथा छूटे हुए पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं-आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना(ग्रामीण), पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, गॉवों का स्वामित्व, जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना एवं पीएम स्वनिधि योजना आदि से लाभान्वित किया जायेंगा। बैंक के स्टॉल के माध्यम से कृषकों की ई-केवाईसी, आधार सीडिंग, केसीसी एवं अन्य लोन से सम्बन्धित समस्याओं का निस्तारण किया जायेंगा। समस्त सहकारी समितियों द्वारा अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों को सदस्य बनाया जायेंगा तथा रासायनिक उर्वरकों के वैकल्पिक उर्वरकों यथा-नैनो यूरिया के विषय में जागरूक किया जायेंगा। स्वास्थ्य विभाग एवं कृषि विभाग आदि विभागों के स्टॉल लगायें जायेंगे। विभिन्न योजनाओं के सफल लाभार्थी मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत अपने अनुभव/ फीडबैक साझा करेंगे। वैन के माध्यम से प्रधानमत्री जी का रिकार्ड किया गया संदेश आमजन को सुनाया जायेंगा। विकसित भारत के लिए संकल्प वीडियो प्रसारित किया जायेंगा। सत्त कृषि गतिविधियों पर सत्र-ड्रोन प्रदर्शन, प्राकृतिक खेती और मृदा स्वास्थ्य कार्ड पर प्रगतिशील किसानों/विषय विशेषज्ञों की वार्ता एवं चर्चा होगी। महिला एसएचजी सदस्यों/स्कूली छात्रों/ स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियॉ-धरती कहे पुकार एवं स्वच्छता गीत आदि प्रस्तुत किये जायेंगे। स्थानीय प्राथमिक/उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्यों द्वारा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।

### न्यूज झरोखा

## अखंड रामायण पाठ,हवन यज्ञ के बाद विशाल भंडारे का हुआ आयोजन



**अझुवा कौशांबी** संत श्री बहिरा बाबा के आह्वान पर रेलवे के अधिकारियों ने धूमाई रेलवे क्रासिंग के पास हनुमान मंदिर का जीर्णोद्धार कराया है जिसका धुमाई नाका हनुमान मंदिर कमेटी द्वारा 1 जनवरी से अखंड रामायण पाठ व आज 2 जनवरी को विशाल भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें क्षेत्र के हजारों भक्तों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया है कमेटी के आयोजक डा. गजराज लोधी,शिव प्रताप मौर्य भाजपा,विजय सिंह यादव,विमलेश,महेंद्र सिंह यादव,अमृत लाल मौर्य, नीरज तिवारी,नरेश सिंह लोधी,दीपू मौर्य,ज्ञान सिंह पटेल,सूरज कुमार,विमल कुमार,कपिल कुमार आदि ने भंडारे में महती भूमिका अदा की मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष अझुवा प्रतिनिधि ओमप्रकाश कुशवाहा,फूलचंद्र केसरवानी,जगजीत सिंह यादव पंडित आलोक मिश्र पहुंचकर प्रसाद ग्रहण कर सफल भंडारे की कामना की है

## अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन में ली गई परेड की सलामी

**कौशाम्बी।** अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन में मंगलवार के दिन परेड की सलामी ली गयी तथा परेड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों के टर्नआउट का अवलोकन कर बेहतर टर्नआउट मेंटेन करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस कर्मियों को फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गई एवं टोलीवार ड्रिल कराई गई। परेड के पश्चात बाद अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त शाखाओं, स्टोर रूम, पुलिस कैंटीन तथा मेस का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## पुलिस अधीक्षक के द्वारा सुनी गई फरियादियों की समस्या

**कौशाम्बी।** थाना पुलिस से न्याय ना मिलने वाले फरियादी पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और आपबीती बताई। पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे फरियादियों की समस्या को पुलिस अधीक्षक ने सरलता पूर्वक सुना। फरियादियों की समस्या सुनने के बाद पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा समय अंतर्गत व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित को आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गए।

## एएसपी ने सुनी फरियादियों की समस्या

**कौशांबी** अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा पुलिस कार्यालय में मंगलवार को जनसुनवाई की गयी। इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित को आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गये।

## दुर्दशा का शिकार है मोहिउद्दीनपुर तिराहे की सड़क

**कौशांबी।** चायल ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम मोहिउद्दीनपुर में तिराहे से ग्राम पंचायत को जोड़ने वाली सड़क बदहाली का शिकार हो चुकी है जिससे कूड़ापुर की ओर से मोहिउद्दीनपुर प्राथमिक विद्यालय के तिराहे से बन्दरहाई बाग होते हुए लिंक रोड जो मेंन रोड चायल इत्यादि से जोड़ती है ग्राम मोहिउद्दीनपुर से तिराहे की ओर दूषित जलप्रवाह से ग्राम पंचायत से लेकर तिराहे तक इन दिनो बुरी तरह बिन बारिश के दलदल व दुगंधी तालाब की तरह सड़क बनी रहती है जबकि ग्राम पंचायत में तमाम तरह की योजनाओं हेतु ग्राम पंचायत के जीर्णोउद्धार हेतु प्रतिवर्ष मनरेगा तथा राज्य व केंद्रीय योजनाओं से धन आवंटित किया जाता है परंतु सरकार के स्वच्छ भारत मिशन मॉडल ग्राम पंचायत ग्राम सरोवर जैसी योजनाओं को तब ठेंगा लगता दिखाई पड़ता है जब ग्राम पंचायत की गलियों सड़कों की ऐसी दुर्दशा दिखाई पड़ती है बता दें कि ग्राम पंचायत मोहिउद्दीनपुर के सरकारी प्राथमिक विद्यालय के तिराहे पर शोकपिट गड्ढा होने के बावजूद ग्राम पंचायत का पानी तिराहे पर एकत्रित होने से दुर्गंध वाला दलदल की तरह बना रहता है जिससे ग्रामवासी व सरकारी प्राथमिक विद्यालय के पढ़ने वाले बच्चे आए दिन दिक्कत का सामना करते हैं वहीं राहगीर भी एकत्रित दूषित पानी के दलदल में गिरकर अक्सर चुटहिल हो जाते हैं।

अब सवाल यह उठता है कि ग्राम पंचायत को जोड़ने वाली जर्जर रोड ऐसा प्रतीत होता है कि कई वर्षों से नाली इंटरलॉकिंग रोड का निर्माण कार्य इत्यादि नहीं कराया गया और ना ही प्रधान ना ही संबंधित सेक्रेटरी व संबंधित विभाग के उच्च अधिकारी कभी इस गांव की तरफ किसी प्रकार का सर्वे ही करने धोखे से भटक कर भी आए हो अन्यथा किसी न किसी अधिकारी को तो मोहिउद्दीनपुर की तिराहे में दुर्गंध वाली दलदल रोड दिखाई ही पड़ जाती और उसकी जांच कर कार्रवाई भी हो जाती और अब तक नाप जोख कर निर्माण कार्य करा दिया गया होता ऐसे ही लोगों से केंद्र सरकार के स्वच्छ भारत मिशन व मॉडल ग्राम पंचायत ग्राम सरोवर जैसी कल्याणकारी योजना का क्या दुरुपयोग हो सकता है और स्थिति को देखते हुए ऐसे ही लोग विकसित भारत संकल्प यात्रा को बट्टा लगाने का प्रयास कर सकते हैं नाली व रोड इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य कब से नहीं कराए गए उपरोक्त स्थान पर यह जांच का विषय है स्थानीय लोगों का कहना है कि जल ठहराव से जहां आवागमन बाधित होने से राहगीरों को तो समस्या होती ही है वहीं ग्रामवासियों तथा स्थानीय विद्यालय के छात्रों महिलाओं को आवागमन में समस्या के साथ जल ठहराव से वायरस उत्पन्न होने के कारण अनेकों बीमारी से ग्रसित होने का खतरा है इसको ध्यान रखते हुए विभाग के संबंधित अधिकारियों व ग्रामप्रधान से मांग करते हुए ग्रामवासियों ने कहा की जांच कर अवरोध को दूर करते हुए जल निकासी हेतु नाली व रोड इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य तथा तिराहे पर सेंटर लाइट इत्यादि की व्यवस्था की जाए!

## अवैध तमंचा कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना करारी पुलिस उ0नि0 सुनील कुमार यादव मय हमराह पुलिस बल द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त अपसार अहमद पुत्र निषार अहमद नि० छिमिरछा थाना करारी को 01 अदद तमंचा 315 बोर 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ छिमिरछा गौशाला के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 03/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया।

## करारी पुलिस ने वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार किया

**कौशाम्बी।** थाना करारी पुलिस उ0नि0 छोटेलाल सरोज मय हमराह पुलिस बल द्वारा वाद सं0 583/20 धारा 128 सीआरपीसी से सम्बन्धित वारंटी अभियुक्त रामदेव पुत्र स्व० जयकरण सिंह नि० तुतीर्पुर थाना करारी को गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया।

## खुरपका मुहपका का टीका न लगने से कई जानवरो की मौत तो कई बीमार

**नेवादा कौशाम्बी।** जिले के एक गांव मे खुरपका मुहपका का टीका न लगने की वजह से कई जानवर मौत के मुंह मे समा गये तो कई जानवर बीमार पड़े है कुछ लोग तो ऐसे हैं जो प्राईवेट इलाज महंगा होने के कारण नही करा पा रहे हैं और उनके भैस व बकरी मौत के मुंह मे समाते जा रहे हैं नेवादा ब्लॉक के मखऊपुर गांव में इस समय खुरपका मुंहपका जैसे गंभीर बीमारी के चपेट मे आने से लोगों के भैंस व बकरियां मौत के मुंह मे समा गये हैं और कई लोगों के भैंस व गाय बीमार चल रहे हैं ग्रामीणों की माने तो महेश पासी पुत्र जगन्नाथ की एक सप्ताह के बीच एक भैंस व लगभग बीस बकरियां की मौत हो चुकी है और दयासिंह चन्द्रभान सिंह,संतोष यादव,राजेश यादव, मिठाईलाल, परसन, रणविजय सिंह, भगत सिंह आदि लोगों के भैंस व गाय बीमार पड़े इन उपरान्त लोगों ने आरोप लगाते हुए कहा है कि अगर हमारे गांव मे लापरवाह पशु चिकित्सा अधिकारी नेवादा ने टीका लगवाया होता तो हमारे भैंस व बकरी की मौत नही होती गरीब असहाय लोगों मे इतना सामार्थ नही है कि वह प्राईवेट डाक्टर बुलाकर महंगा इलाजा करा सकें क्या जिलाधिकारी इस लापरवाह पशु चिकित्सा अधिकारी नेवादा पर कोई कार्यवाही करेंगे।

## संपादक की कलम से

# नव वर्ष का पृथ्वी के लिए नया संकल्प, जल सरंक्षण एक मात्र विकल्प

सामान्य तौर पर देखेंगे तो जल की उपलब्धता को लेकर कोई विशेष संकट नजर नहीं आता है। किंतु वास्तविकता इससे बिल्कुल अलग है। पृथ्वी की सतह का लगभग 70% भाग जल से आच्छादित है। पृथ्वी पर उपलब्ध समस्त जल का 97% समुद्र खारा पानी है, जो उपयोग के योग्य नहीं है। अतः मात्र 3% जल ही पीने के योग्य है,इससे भी कम जल नदी, तालाब, झीलों भूगर्भीय जल के रूप में मनुश्य व अन्य जीवों के पीने के योग्य मीठे पानी के रूप में उपलब्ध है, परिणामतः पीने योग्य जल का संकट और गहराता जा रहा है।

यदि मानव सभ्यता के इतिहास को खंगाले तो यह तथ्य सामने आता है कि बड़ी-बड़ी सभ्यता एवं संस्कृतियाँ नदी, घाटियों में विकसित और फलित हुई है। जल अपने स्वरूप में निर्मलता धारण किए हुए पवित्रता का प्रतीक है, लेकिन इसकी क्रमिक रूप से घटती मात्रा में जल संकट अस्तित्व को खतरा उत्पन्न कर दिया है। जल अब राज्यों तथा विभिन्न देशों के मध्य बड़े विवाद का कारण बनता जा रहा है। जल मनुष्य के जीवन का अत्यंत आवश्यक स्वरूप है जल के बिना कल नहीं है और जल ही जीवन कहलाता है। ऐसे में जल का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। जल का विवाद सिर्फ गांव तहसील के जिलों में नहीं बल्कि राज्य और देशों के बीच भी गहराता जा रहा है। इसका बहुत बड़ा उदाहरण कावेरी, मांडवी जैसे अंतरराष्ट्रीय नदियों गंगा, ब्रह्मपुत्र में नील, सतलज जैसी अंतरराष्ट्रीय नदियां हैं। वैश्विक जल संकट से सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्र एशिया, अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप, अफ्रीकी देशों में एक बड़ी आबादी जला भाव के कारण काल कब रीत हो रही है। जल संकट की यह समस्या और अंतरराष्ट्रीय स्वरूप धारण कर चुकी है एवं अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इसकी मांग उठाई जा रही है। पृथ्वी पर पीने की योग्य जल की उपलब्धता घटती जा रही है वहीं विकास एवं औद्योगिकरण की प्रक्रिया में जल का अंधाधुंध दोहन किया जा रहा है। मानव के जल दोहन का बेतरतीब उपयोग जल चक्र के संतुलन को नष्ट कर रहा है। प्रकृति में मानव के हस्तक्षेप के कारण ही ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु परिवर्तन, वनों की कटाई से ताजे जल के संकट को कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है। शहरों में प्रति व्यक्ति जल की उपलब्धता का स्तर निरंतर कम होते जा रहा है। इसका सबसे सर्वोत्तम उदाहरण दक्षिण अफ्रीकी शहर कैपटाउन एवं भारत के बंगलुरु शहरों में असीमित जनसंख्या के दबाव में लहराते जल संकट के कारण इन शहरों में यानी नो वाटर सप्लाई दिवस तक की नौबत आ गई है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा प्रकाशित जल विकास रिपोर्ट 2018 में पीने योग्य जल की घटती उपलब्धता एवं गहराता संकट को लेकर महायुद्ध की संभावनाओं का खुलासा किया है। जल संकट को लेकर अगले महा युद्ध की संभावनाओं को यदि टटोलने तो यह बात सत्य प्रतीत होती है जिसमें एक तरफ जलाभाव वाले देश का होगें तथा दूसरा पक्ष जलाधिक्य वाले देशों की होगी। जल के निरंतर गिरते स्तर को लेकर ऐसी विकराल स्थितियां उत्पन्न हो सकती है जिसके कारण मानवता तार-तार हो जाएगी और जल का उपयोग करने वाले जैविक जीवन का स्थिति समाप्त हो जाएगा। अतः यह उचित होगा कि समय रहते हम इस संकट को भाप लें एवं जल जैसे हम उन संसाधन के संरक्षण को लेकर युद्ध स्तर पर उचित कदम उठाएं। यूनाइटेड नेशंस वाटर अभियान के माध्यम से जल संकट से विश्व को अवगत करवाते हुए जल संकट के संबंध में आमजन को जागरूक करने का प्रयास कर रहा है। दूसरी तरफ प्रसिद्ध ल्लङ्कल्ल-ॅङ्क५ी१ल्लीेल्ल३ंह्ल ऑर्गेनाइजेशन जल संकट से विश्व को अवगत कराते हुए जल संरक्षण के संबंध में सराहनीय प्रयास कर रहे हैं। आवश्यकता से अधिक जल प्रयोग करने से धरती का जलस्तर कृषकों की पहुंच से परे होता जा रहा है। वैश्वीकरण व उपभोक्तावादी संस्कृति से प्रेरित अंधाधुंध विकास की दौड़ में जल स्रोतों को प्रदूषित कर मानव समाज ने स्वयं अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारने का काम किया है। बढ़ती जनसंख्या भी वैश्विक जल संकट का एक बड़ा कारण है। यदि जनसंख्या की वृद्धि की रफ्तार से होती रही तो अगले दशक में वैश्विक जनसंख्या में वृद्धि की दर से 25% जनसंख्या को प्रयोग जितना ही पानी उपलब्ध हो पाएगा। यह भयानक जल संकट तथा वैश्विक खतरे की ओर इंगित करता है। वैश्विक स्तर पर जल विवाद लगातार होते रहते हैं मध्य एशिया में कैस्पियन सागर के जल बंटवारे संबंधी विवाद का समाधान तटवर्ती देशों द्वारा संधि के माध्यम से किया गया है।

## नए वर्ष 2024 के प्रथम दिन ही अनेक राज्यों की जनता का हाल बेहाल

वैश्विक स्तरपर देश दुनियां में भले ही लोग नए वर्ष के पहले दिन खुशियों का जश्न मना रहे हैं पार्टियों कर रहे हैं पिकनिक मना रहे हैं, तो कई लोग वर्ष 2024 के प्रथम दिन ईश्वरअल्लाह की ओर मंदिरों मस्जिदों में जाकर प्रार्थना फरियाद कर रहे हैं के हमारे पूरे वर्ष खुशियों की बागबाहर में भीग रहे दुखों का पल पूरे वर्ष कभी नहीं आए वही एक तबका ऐसा भी है जिनका नए वर्ष का पहला दिन ही विरोध प्रदर्शन और चक्का जाम में से शुरू हुआ और देखते ही देखते यह सिलसिला, आगे की तरह पूरे देश में फैल गया और करीब आठ राज्यों में यह हवा फैल गई और ट्रांसपोर्ट ऑटो बस इत्यादि सभी ट्रांसपोर्ट के साधन चक्का जाम शुरू हो गया जिससे आम जनता को भारी परेशानी का सामना या वर्ष के प्रथम दिन ही करना पड़ा जबकि उनका कुछ भी कसूर नहीं है, मामले को समझने की करें तो कुछ दिन पूर्व ही नए तीन आपराधिक कानून का दोनों सदनो में पारित कर लिए गए थे जिसे माननीय राष्ट्रपति महोदय ने 31 दिसंबर 2023 को हस्ताक्षर कर कानून बनने का दर्जा प्रदान किया। बस फिर क्या था! उनमें से एक कानून भारतीय न्याय संहिता 2023 की एक धारा 104(2)कानून को पूरी प्रक्रिया के साथ हर स्टेप को फॉलो करके बनाया गया है, जो यह आगुमेंट करना कि इस कानून को बनाते समय स्टेट होल्डर से सुझाव नहीं लिए गए थे, यह ठीक नहीं है, क्योंकि बाकायता अधिसूचना जारी कर सभी दर्जे के लोगों से सुझाव मांगे जाते हैं फिर विधेयकों को बनाया जाता है। चूंकि नए साल 2024 के प्रथम दिन ही अनेक राज्यों की जनता का हाल बेहाल हुआ इसलिए आज हम मीडिया यह उपलब्ध है जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 104 (2 )हिट एंड रन पर 8 राज्यों बवाल ट्रांसपोर्ट की हड़ताल।

साथियों बात अगर हम भारतीय न्याय संहिता कानून 2023 की धारा 104(2) हिट एंड रन को समझने की करें तो, ऐसे मामले जिनमें गाड़ी की टक्कर के बाद ड्राइवर मौके से फरार हो जाता है, उन मामलों को 'हिट एंड रन' केस माना जाता है। हिट एंड रन के मामलों में कई बार घायल शख्स को अगर समय रहते अस्पताल पहुंचाने या प्राथमिक इलाज मिलनेपर बचाया भी जा सकता है।पुराने कानून के मुताबिक हिट एंड रन केस में दो साल की सजा का प्रावधान था और जमानत भी मिल जाती थी। अब नया नियम कहता है कि अगर सड़क दुर्घटना के बाद गाड़ी चालक पुलिस को टक्कर की सूचना दिए बिना मौके से फरार होता है तो उसे 10 साल की जेल और जुमार्ना देना पड़ेगा। कई राज्यों में ट्रक ड्राइवर इसका विरोध कर रहे हैं। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार समेत कई राज्यों में ट्रक ड्राइवरों ने हड़ताल और चक्काजाम कर दिया है। न सिर्फ ट्रक ड्राइवर बल्कि बस, टैक्सी और ऑटो चालक भी इसका विरोध कर रहे हैं। नए नियम निजी वाहन चालकों पर भी समान रूप से लागू होंगे। उनका कहना है कि नए कानून के प्रावधान कुछ ज्यादा ही सख्त हैं। इन्हें नरम किया जाए। आंकड़ों पर नजर डालें तो नए कानून की सख्ती का कारण समझ आता है। सरकारी आंकड़े बताते हैं कि हिट एंड रन के मामलों में हर साल 50 हजार लोग जान गंवाते हैं। विरोध करने वाले ड्राइवरों का तर्क है कि टक्कर के बाद अगर वे भागते हैं तो उन्हें नए कानून के तहत सख्त सजा मिलेगा और अगर वे रुकते हैं तो मौके पर मौजूद भीड़ उन पर हमला कर सकती है।

# नये वर्ष में खोजने होंगे अनुत्तरित सवालों के जवाब

– ललित गर्ग–

नया साल प्रारंभ हो गया है तो हर बार की तरह इस बार भी नई उम्मीदें, नया विश्वास एवं नया धरातल लाया है। बीत गया एक और साल। नये की स्वीकृति के साथ पुराने को अलविदा कह देने की सामान्य सोच रही है। यह समझ देखी गयी है कि नयेपन के जादुई आकर्षण के जागते ही हम पुरानेपन को उतार फेंकना चाहते हैं। हमने बीते वर्ष में श्रेष्ठताओं की उपलब्धि पर सात्विक गर्व करने की अनेक स्थितियों को रचा है लेकिन हम सबके लिए और देश के लिए भी आने वाले वर्ष कुछ महत्वपूर्ण करणीय कार्य है। निश्चित ही नया साल हमेशा की तरह कुछ सवाल भी लेकर आया है। ऐसे सवाल जिनका हल निकाले बिना शायद हम संतुष्ट न हो पाएं और नये भारत-सशक्त भारत का सपना आधा-अधूरा ही कहा जायेगा। ऐसे नए-पुराने सवाल हर नए साल में सामने आते रहे हैं। कुछ सवालों को हल करने में हम सफल रहे, लेकिन कुछ सवाल हमेशा की तरह अनुत्तरित ही रह गए। सच तो यह है कि नई जिन्दगी की शुरूआत ही नया वर्ष है। यह पुरुषार्थ का सन्देश है, अधूरे रहे कामों एवं संकल्पों को पूरा करने का। इन क्षण जड़ताओं को तोड़कर मुक्त होती है हमारे विकास की उजली संभावनाएं। यह अच्छाइयों एवं अधूरे रहे कार्यों को पूरा करने की ओर मुड़ने की प्रेरणा है। अर्धशून्य ढर्रे की जीवनशैली एवं विकास योजनाओं को बदलने का बुजुर्गी सुझाव है। समस्या जब बहुत चिन्तनीय बन जाती है तो उसे बड़ी गंभीरता से नया मोड़ एवं रफ्तार देने की जरूरत है। शिक्षा, चिकित्सा एवं पर्यावरण से जुड़ी समस्याएं से जुड़े ऐसे ही अफसोस के अहसास हमारे लिये गंभीर होने चाहिए।




आजादी के अमृत काल में भी शिक्षा, चिकित्सा एवं पर्यावरण से जुड़ी चिन्ताओं का गहन बना रहना हमारी विकास यात्रा पर एक सवालिया निशान है। शिक्षा जगत से जुड़ी एक खबर सामने आई है, वह यह कि बढ़ती महंगाई और बदलते नियमों से विदेशों में पढ़ाई मुश्किल हुई है। सब जानते हैं कि शिक्षा हर परिवार के लिए एक महत्त्वपूर्ण मुद्दा है। हर मां-बाप अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाना चाहते हैं। कई बार अच्छी शिक्षा के लिए बच्चों को विदेश भी भेजना पड़ता है। सवाल यह है कि आबादी के हिसाब से दुनिया का पहले नंबर वाला देश क्या अपने यहां ही बच्चों को अच्छी शिक्षा मुहैया नहीं करा सकता? यह सवाल करोड़ों बच्चों की जिंदगी से जुड़ा हुआ है। सरकार के अनूठे एवं व्यापक प्रयत्नों के बावजूद शिक्षा और चिकित्सा के लगातार महंगे होने की चिन्ता से हर कोई परेशान है। शिक्षा और चिकित्सा को व्यवसाय बना देने एवं निजी हाथों में सौंप देने से ही दोनों महंगी हुई है, आम आदमी तक उसकी पहुंच जटिल होती गयी है। इस बात पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने चिन्ता जताते हुए कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य दोनों ही हर व्यक्ति की मूलभूत जरूरत है पर दोनों ही महंगी और दुर्लभ हो रही हैं। इसकी वजह जनसंख्या के मुताबिक उपलब्धता की कमी और व्यावसायिकता है। नये भारत के निर्माण के साथ समय की इस दस्तक को सुनें। निश्चित ही यह भारत की समृद्धि एवं विश्व प्रतिष्ठा की दृष्टि से एक अनूठा उपक्रम हो सकता हैं, लेकिन प्रश्न भारतीय छात्रों का है, उनकी शिक्षा से जुड़ी समस्याओं का है। महंगी होती शिक्षा आम जनजीवन से दूर होती जा रही है, ऐसे में भारतीय छात्रों की सूध कौन लेगा?

शिक्षा पर लंबे-लंबे भाषण देने वाले राजनेता, शिक्षाविद, अधिकारी और मंत्री भी देश की इन स्थितियों से परिचित हैं। बसों में मूंगफली बेचते हुए, स्टेशनों पर भीख मांगते हुए, चौराहों पर भुट्टा भूजते हुए, फैक्ट्रियों में बिसलरी की बोतलों में पानी भरते हुए, सड़क के किनारे टाट पर सब्जी बेचते या चाट का ढेला लगाते हुए इन बच्चों को कौन नहीं देखता है। ऐसा इन्हें क्यों करना पड़ता है? यह जानने की कोशिश कितने लोग करते हैं? रिक्शा, ऑटोरिक्शा, बस चलाने वाले ड्राइवरों के पीछे की भी कहानी ऐसी ही होती है। नीति-नियंता लोग अपने निजी ड्राइवर, नौकर या कामवाली बाई की पारिवारिक स्थिति के बारे भी विचार कर लेते तो भी इस तरह की स्थितियों के बारे में बहुत कुछ आसानी से समझ लेते। कहीं-कहीं ये भी देखने को मिलता है कि जिन बच्चों की खिलौनों से खेलने की उम्र होती है वही बच्चे मेला, हाट-बाजार में खिलौना बेचते हुए मिलते हैं। किताबों से तो उनका दूर-दूर तक कोई वास्ता नहीं होता। फिर विकास के सुनहरे सपने उन्हें कैसे दिखाई दे सकता है? इन स्थितियों में कैसे नया भारत-सशक्त भारत आकार ले सकेगा?

आइआइटी, एनआइटी और आइआइएसईआर, आइआइएम, केन्द्रीय विश्वविद्यालय, जेएनयू, बीएचयू जैसे विश्वविद्यालयों में भले ही फीस कुछ कम है, लेकिन यहां तक पहुंचने की प्रक्रिया बहुत जटिल एवं प्रतिस्पधार्पूर्ण है। बच्चे संघर्ष करके वहाँ तक पहुँच जाते हैं और पढ़ाई आसानी से कर लेते हैं। किंतु अब वहां की भी फीस बढ़ाने की कवायद तेजी से होने लगी है। तमाम सरकारी प्रयासों एवं योजनाओं के शिक्षा महंगी होती जा रही है, तो देश का निम्न एवं मजदूर वर्ग यह सोचने को मजबूर है कि वह अपने बच्चों की पढ़ाई की व्यवस्था कैसे करे। निजी कॉलेजों में तो इतना अधिक पैसा लगता है कि मध्य वर्ग के भी कान खड़े हो जाते हैं, तो फिर निम्न वर्ग की बात ही क्या?

यहां बात सिर्फ शिक्षा तक ही सीमित नहीं रह जाती। शिक्षा के साथ एक और विषय है जिस पर ध्यान देने की जरूरत है। वह है, चिकित्सा। जिस तरह गुणवत्ता के मामले में भारत के विश्वविद्यालय पिछड़े हुए हैं, उसी तरह की छवि भारत के अस्पतालों की है। मतलब साफ है कि अच्छी पढ़ाई हो या बेहतर इलाज, जेब में पैसा हो तो पकड़ो विदेश की राह। गंभीर सवाल यह है कि जिसकी जेब में पैसा नहीं है, वह क्या करे? क्या उसे अच्छी पढ़ाई या बेहतर इलाज कराने का हक नहीं है? नए साल में हमें, हमारी सरकारों और इन क्षेत्रों से जुड़े विशेषज्ञों को इन्हीं सवालों के जवाब ढूंढने चाहिए। हमने जीवन के हर क्षेत्र में उपलब्धियां हासिल की हैं तो फिर शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र भला अछूते क्यों रहें? जब हम देश के लोगों को ही समुचित शिक्षा नहीं दे पा रहे हैं तो विदेशों के लिये दरवाजें खोलना एवं उन पर सरकार की बड़ी शक्ति का खर्च होना कैसे औचित्यपूर्ण हो सकता है? एक ऐसे देश में जहां वंचित समूह पहले से ही अपनी भावी पीढ़ी को शिक्षित बनाने के लिए कठिन परीक्षाओं के दौर से गुजर रहा हो, निजी स्कूलों व अस्पतालों की संवेदनहीनता एवं अर्थ लोलुपता से सामाजिक असंतोष एवं विद्रोह के स्वर उभरते रहे हैं।

शिक्षा एवं चिकित्सा की भांति पर्यावरण के प्रति उपेक्षा भी अनेक समस्याओं का कारण है। भारत में ग्लोबल तापमान के चलते होने वाला विस्थापन अनुमान से कहीं अधिक है। मौसम का मिजाज बदलने के साथ देश के अलग-अलग हिस्सों में प्राथमिक आपदाओं की तीव्रता आई हुई है। हिमाचल प्रदेश में बाढ़ हो या सिलक्यारा में सुरंग हादसा- भारत में पर्यावरण समस्या को नजरअंदाज करने के परिणाम है। भारत में जलवायु परिवर्तन पर इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फार एनवायरमेंट एंड डवलपमेंट की जारी की गई रिपोर्ट में कहा गया है कि बाढ़-सूखे के चलते फसलों की तबाही और चक्रवातों के कारण मछली पालन में गिरावट आ रही है। देश के भीतर भू-स्खलन से अनेक लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। भू-स्खलन उत्तराखंड एवं हिमाचल जैसे दो राज्यों तक सीमित नहीं बल्कि केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, सिक्किम और पश्चिम बंगाल की पहाड़ियों में भी भारी वर्षा, बाढ़ और भूस्खलन के चलते लोगों की जानें गई हैं, इन प्राकृतिक आपदाओं के शिकार गरीब ही अधिक होते हैं, गरीब लोग प्राथमिक विपदाओं का दंश नहीं झेल रहे और अपनी जमीनों से उखड़ रहे हैं। महानगर और घनी आबादी वाले शहर गंभीर प्रदूषण के शिकार हैं, जहां जीवन जटिल से जटिलतर होता जा रहा है।

**(ललित गर्ग)**
**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट 25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92**
**फोनः 22727486, 9811051133**

# कभी तो तोल-मोल के बोल लिया करो फारूक अब्दुल्ला जी

**आर.के. सिन्हा**

डॉ.फारूक अब्दुल्ला को आग में घी डालने में बहुत मजा आता है। वे भड़काऊ बयान देकर खबरों में बने रहना चाहते हैं। हालांकि जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता से देश उम्मीद करता है कि वे तोल-मोल के बयानबाजी करें। पर वे मानने के लिए तैयार नहीं हैं। अब उनके हालिया बयान को सुन लें। फारुख अब्दुल्ला ने कहा कि भारत को पाकिस्तान से बात करनी चाहिए। गाजा में इजराइल और हमास के बीच चल रहे युद्ध का जिक्र करते हुए उन्होंने यहां तक कह दिया कि हमारा भी गाजा और फिलिस्तीन जैसा हाल हो सकता है। अब फारूक साहब से कोई पूछे कि क्या आपने कभी पाकिस्तान से पूछा कि उसने मुंबई में हमला क्यों करवाया था या फिर उसने करगिल में घुसपैठ किसलिए की थी?

वे तो हर स्थिति में भारत की नुक्ताचीनी करने में ही लगे रहते हैं। उन्हें कौन बताए कि विदेश नीति सारे देश की होती है न कि किसी प्रदेश या पार्टी की। अगर भारत पाकिस्तान से कहता है कि वे आतंकवादियों को खाद-पानी देना बंद करे तो इसमें क्या गलत कहता है। उन्होंने एक बार दावा किया था कि चीन की मदद से जम्मू-कश्मीर में फिर आर्टिकल 370 लागू कराया जाएगा। यह जानते हुए भी चीन भारत का जानी दुश्मन है, फिर भी वे चीन के पक्ष में बात करते हैं। क्या फारूक अब्दुल्ला को पता नहीं है कि चीन ने हमारे अक्सईचिन पर अपना कब्जा जमाया हुआ है? क्या उन्हें पता नहीं है कि चीन की तरफ से कब्जाये हुए इलाके का क्षेत्रफल कितना है ? ये 37,244 वर्ग किलोमीटर है। जितना क्षेत्रफल कश्मीर घाटी का है, उतना ही बड़ा है अक्सईचिन। सवाल उठता है कि क्या फारूक अब्दुल्ला ने कभी चीन की इस बात के लिए निंदा की कि उसने भारत के इतने बड़े क्षेत्र पर कब्जा जमाया हुआ है?



क्या उन्हें संसद में ध्वनिमत से पारित उस प्रस्ताव के बारे जानकारी नहीं है, जिसमें देश का संकल्प है कि चीन द्वारा हड़पी भारत की भूमि को वापस लिया जाएगा ? इस सबके बावजूद भी वे चीन की मदद से जम्मू-कश्मीर में धारा 370 के पुनः बहाली का ख्वाब देख रहे हैं। फारूक अब्दुल्ला जिस चीन से तमाम उम्मीदें पाले बैठे हैं, उसी चीन ने अपने देश में हजारों मस्जिदों को खुलेआम तोड़ा। वह अपने देश के मुलसमानों पर जो जुल्म कर रहा है, उसके बारे में किसी को बताने की जरूरत नहीं है। फारूक अब्दुल्ला या तो कुछ जानना नहीं चाहते या जानकर भी चुप हैं।

फारूक अब्दुल्ला फिलहाल श्रीनगर लोकसभा सीट से सांसद हैं। वह केंद्र सरकार में मंत्री भी रहे हैं। आपको याद होगा कि उन्होंने चेनाब घाटी में एक कार्यक्रम के दौरान पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) पर भारत के दावे को लेकर कहा था कि ह्लक्या यह तुम्हारे बाप का हैह्व? ह्लपीओके भारत की बपौती नहीं है जिसे वह हासिल कर लेह्व। फारूक अब्दुल्ला ने पाकिस्तान के साथ सुर में सुर मिलाते हुए कहा था ह्लनरेंद्र मोदी सरकार पाकिस्तान के कब्जे से पीओके को लेकर तो दिखाए।ह्व मतलब यह कि फारूक अब्दुल्ला के मुताबिक पीओके हासिल करना भारत के लिए नामुमकिन ही है। यह तो भारत में रहकर भारत को सीधे धमकी देना नहीं तो क्या है ? फारूक अब्दुल्ला को कभी संसद लाइब्रेरी में जाकर भारतीय संसद के 22 फरवरी,1994 को पारित प्रस्ताव को पढ़ लेना चाहिए। उस प्रस्ताव में भारत ने पीओके पर एक फैसला लिया था। उस दिन संसद ने एक प्रस्ताव ध्वनिमत से पारित करके पीओके पर अपना पूरा हक जताते हुए कहा था कि पीओके सहित सम्पूर्ण जम्मू-कश्मीर भारत का अटूट अंग है। ह्लपाकिस्तान को उस भाग को छोड़ना ही होगा जिस पर उसने कब्जा जमाया हुआ है।ह्व

फारूक अब्दुल्ला के विवादास्पद बयानों की सूची बहुत लंबी है। वे कश्मीर में भारतीय सैनिकों पर पत्थर फेंकने वालों का भी समर्थन कर चुके हैं। अब जरा सोच लें कि वे कितने गैर-जिम्मेदार हैं ? फारूक अब्दुल्ला ने कहा था अगर कुछ नौजवान सीआरपीएफ के जवानों पर पत्थर मार रहे हैं, तो कुछ सरकार द्वारा प्रायोजित भी हैं।

फारूक अब्दुल्ला के विवादास्पद बयानों की सूची सच में बहुत ही लंबी है। वे तो सुकमा के नक्सली हमले की तुलना कुपवाड़ा के आतंकी हमले तक से कर चुके हैं। उन्होंने कहा था कि कुपवाड़ा के शहीदों की शहादत को काफी बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया था जबकि सुकमा के शहीदों की अनदेखी हुई। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा के पंजगाम सेक्टर में आर्मी कैंप में आतंकी हमला हुआ था। चाहे सुकमा हो या कुपवाड़ा या फिर कोई अन्य जगह, सारा देश शहीदों का कृतज्ञ भाव से स्मरण करता है। देश के लिए अपने प्राणों का नजराना पेश करने वालों का कोई अनादर नहीं कर सकता।

याद नहीं आता कि विवादित बयानबाजी करने का कोई भी मौका नहीं छोड़ने वाले फारूक अब्दुल्ला कभी अपने राज्य में आतंकियों के हाथों मारे जाने वाले लोगों के लिए भी आंसू बहाते हों। ह्यदि कश्मीर फाइल्सह्न फिल्म की सारे देश में चर्चा हुई थी। उसमें कश्मीर घाटी में कश्मीरी पंडितों के ऊपर हुए जुल्मों सितम को दिखाया गया था। यह जरूरी भी था। पर कोई यह नहीं बताता कि कश्मीर घाटी में आतंकवाद के बढ़ने के बाद से न जाने कितने प्रवासी बिहारी मजदूर भी मारे जा चुके हैं। वहां पर कुछ समय महीने पहले बिहार के भागलपुर से काम की खोज में आए गरीब वीरेन्द्र पासवान को भी गोलियों से मार डाला गया था। पासवान की मौत पर उसके घरवालों या कुछ अपनों के अलावा रोने वाला भी कोई नहीं था। पासवान का अंतिम संस्कार झेलम किनारे दूधगंगा श्मशान घाट पर कर दिया गया था। वीरेंद्र पासवान गर्मियों के दौरान कश्मीर में रोजी रोटी कमाने आता था। वह श्रीनगर में ठेले पर गोल गप्पे बनाकर बेचता था। उसके मारे जाने पर फारूक अब्दुल्ला या उनकी पार्टी का कोई नेता ने पासवान के परिवार की मदद की घोषणा नहीं की थी। बात यह है कि फारूक अब्दुल्ला सिर्फ हवा-हवाई बातें करते हैं। उन्हें अपने राज्य के आम इंसान से कोई सरोकार नहीं रहा है। वे अनाप-शनाप बोलकर खबरों में बने रहने की कोशिश करते हैं। अब कश्मीरी जनता ऐसे हबा हवाई नेताओं से जितना जल्द छुटकारा पा ले, उतना ही अच्छा रहेगा, कश्मीर की जनता के कल्याण और कश्मीर के विकास के लियेक

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)**

# एक मुशायरा ऐसा भी

अंधेर जंगल में जानवरों का मुशायरा चल रहा था। सभी जानवर आए थे। मुशायरे का विषय था झ परमदयालु जंगलप्रेमी श्रीश्रीश्री रंगा सियार का यशगान। इस मुशायरे की विशेषता यह थी कि यहाँ जो श्रेष्ठ माने जायेंगे उन्हीं में जंगलरत्न, जंगलश्री, जंगलभूषण, जंगल विभूषण, जंगलश्री, जंगलपीठ, जंगल अकादमी और कई तमाम तरह के जंगली अवार्डों की घोषण की जाएगी। मुशायरे का केवल एक ही नियम था कि श्रीश्रीश्री रंगा सियार को परमदयालु, शाकाहारी, जंगलहितकारी, जंगलोद्धारक प्राणदाता सिद्ध करें। नियम सरल था। काम कठिन था। एक से बढ़कर एक जानवरकवि आए थे। रंगा सियार महाराज की कृपा से हिरण, भैंसा, खरगोश, गधे, शेर, उल्लू की अतिम पीढ़ी बची थी। बाकी सब रंगा सियार की उदर पीड़ा को मिटाने के लिए हँसते-हँसते शहीद हो गए। इन शहीदरत्नों की संतानों में जंगली अवार्डों को लेकर गजब की होड़ थी।

मुशायरा शुरू हुआ। मरियल से हिरण कवि ने रंगा सियार का यशगान करते हुए कहा-

ऐ मेरे जंगल के जीवों तुम खूब लगा लो नारा
रंगा सियार ने अपने मुख से, इस जंगल को है संवारा
चूंकि निजीकरण ने जंगल का, मान-सम्मान है बढ़ाया
इसीलिए तो फल-फूल-हवा पर, जीएसटी है लगाया

मरियल हिरण के नहले पे दहला फेंकने के लिए गधाकवि कूद पडा-

मुझे न तन चाहिए, न मन चाहिए
बस रंगा सियार की अपरंपार कृपा चाहिए
जब तक जिन्दा रहूं, इनकी गुलामी करूँगा
मरुँ तो उनके पंजे का मुझ पर निशान चाहिए

गधाकवि की रंगा सियार भक्ति देखकर भैंसे से रहा नहीं गया-

कुछ नशा रंगा सियार की आन का है,
कुछ नशा रंगा सियार की मान का है,
अंधभक्त हैं हम श्रीश्रीश्री रंगा सियार के,
रंग बदलने का हुनर सीखा है उनके नाम से।

काले अक्षर भैंस बराबर की कविता सुनकर शेर का माथा ठनका। उसने भी जोश में आकर कहा-

हवाओं से कह दो कि यहाँ मत बहना
रोशनी से कह दो कि यहाँ मत चमकना
पंचतत्वों को बेचने का हुनर है जो जानता
उनके सामने उछलने की हिमाकत न करना।

शेर की दमदार कविता सुनकर जंगली अवार्ड उनकी ओर झुकने ही वाला था कि उल्लू कवि बीच में कूद पड़ा-

सारे जहाँ से अच्छा जंगलिस्तान हमारा
हम चुलबुलें हैं उसकी वो सियार है हमारा।
घमंड वो सबसे ऊँचा
खूनी साया सियार का
वो रक्षक हमारा वो भक्षक हमारा ङ्खङ्ख

मुशायरे में एक से बढ़कर एक शेरो-शायरी सुनने को मिली। रंगा सियार गदगद हो उठा। उसने सभी का सम्मान करने का फैसला किया। जंगली अवार्डों को प्लेट बनाकर उनके लिए अच्छा-अच्छा भोजन परोसा गया। बाद में रंगा सियार की सेवा में उन्हें परोस दिया गया।

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त, मो. नं. 73 8657 8657**
**(प्रसिद्ध नवयुवा व्यंग्यकार)**

## छह स्थानों पर हुई विकसित भारत संकल्प यात्रा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** विकसित भारत संकल्प यात्रा में अलग-अलग स्थानों पर जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्रा, विधायक मानिकपुर अविनाश चन्द्र द्विवेदी, ब्लॉक प्रमुख गंगाधर मिश्र, जिला प्रशासनिक प्रमुख विकसित भारत संकल्प यात्रा आलोक पाण्डेय, भागवत त्रिपाठी की मौजूदगी में जिलाध्यक्ष ने शिवरामपुर मंडल के तराव गांव में संवाद किया।

मंगलवार को जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि भाजपा का लक्ष्य है प्रत्येक लाभार्थी को सरकार की जारी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले। कोई इससे छूटे नही। विकसित भारत यात्रा गांव-गांव



संकल्प लेते भाजपाई।

व घर-घर जा रही है। भाजपा सरकार के जनकल्याण को लिए संकल्प को पूरा करने की मोदी की गारंटी है। जन-जन जागरूक होकर जातिवादी, वंशवादी पार्टियो की राजनीति को समाप्त करना है। वोटबैंक तुष्टीकरण की पॉलिटिक्स खत्म करना है। शत-प्रतिशत मतदान करने व कराने का संकल्प लेना है। भाजपा की मोदी सरकार जवाबदेही तय करने के मूलमंत्र पर काम कर रही है।

पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्रा ने भंभौर गांव में जनसंवाद कर कहा कि भाजपा सरकार का लक्ष्य गांव, गरीब के कल्याण को जारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना है। विधायक अविनाश चन्द्र द्विवेदी ने कहा कि भाजपा नीत एनडीए गठबंधन लोककल्याण को संकल्पित है। आलोक पाण्डेय ने कहा कि गरीब, किसान, महिला, युवा का कल्याण करने की मोदी की गारंटी है। विकसित भारत संकल्प यात्रा चार ब्लॉक के 260 से अधिक गांवों तक पहुंच चुकी है। जिला मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में सभी विभाग एक स्थान पर एकत्र होकर लाभार्थियों की समस्याओ का समाधान कर रहे हैं। इस मौके पर भाजपा नेता अखिलेश रैकवार, श्रवण पटेल, लवकुश श्रीवास, दुर्गेश शुक्ला, रमाकान्त पांडे, प्रदीप सिंह, मोनू मिश्रा, घनश्याम पटेल, महेश पांडे, बृजलाल सविता समेत अलग-अलग स्थानों पर जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता व जनसमुदाय सहभागी हुए।

## साढे तीन किलो गांजा समेत एक दबोचा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में थानाध्यक्ष रैपुरा शैलेन्द्र चन्द्र पाण्डेय व एसओजी प्रभारी एमपी त्रिपाठी की अगुवाई में दरोगा रमेश सिंह की टीम ने जानकी प्रसाद पुत्र स्व नारायणदत्त तिवारी निवासी पथरा थाना नयागांव जिला सतना को तीन किलो पांच सौ ग्राम गांजा व बिना नंबर प्लेट की मोटरबाइक तथा दो की-पैड मोबाइल समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में दरोगा रमेश सिंह यादव, सिपाही अजीत यादव, स्वाट/एसओजी के सिपाही ज्ञानेश मिश्रा व रोशन सिंह शामिल रहे।

## गैरकानूनी ढंग से कार्य कर रहे बन्दोबस्त अधिकारी

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** ह्यूमन राइट्स लीगल नेटवर्क के जिला संयोजक रुद्र प्रसाद मिश्र एड ने जिला बन्दोबस्त अधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि चकबन्दी अधिकारी मानिकपुर व पेशकार ने पानी में डूबे क्षेत्र में मालियत लगाकर अवैध ढंग से चक बदलाव किया है।

मंगलवार को ह्यूमन राइट्स लीगल नेटवर्क के जिला संयोजक रुद्र प्रसाद मिश्र एड ने जिला बन्दोबस्त अधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि मानिकपुर तहसील के बगरेही गांव में आकार पत्र 23ए की कार्यवाही के बाद एक लाख रुपये देकर नदी में डूबे गैरकृषि भूमि संख्या 1069 रकबा 0.213 हे में साठ पैसा मालियत लगाकर छह सितम्बर को कीमती भूमि का चक बनाने का आदेश वाद संख्या 332/2023 हीरामनी बनाम सरकार में पारित कर दिया। गैरकानूनी ढंग से पद एवं कर्तव्यों का दुरुपयोग कर चकबन्दी अधिकारी व पेशकार ने मालियत लगा दी। ये खेत दोनों ने मालियत लगाये गाटों को अचक कर रहे हैं। अचक गाटों में मालियत लगाकर रुपये कमा रहे हैं। जो कास्तकार रुपये नहीं देते, चार-चार माह तक फाइल रखकर बैक डेट में आदेश पारित कर देते हैं।

उन्होंने कहा कि उनके दो किमी अंतराल में दो चक बना दिये गये। बचत भूमि में ही चक बनाने का आवेदन किया, जिसे चार माह से रखे हैं। पैसा न पाने पर व कोई आपत्ति न होने के बाद भी आवेदन खारिज कर दिया। पत्रावली से लेखपाल की बनाई चक तालिका को चकबन्दी अधिकारी व पेशकार ने फाड डाला। ये दोनों कर्मी गैरकानूनी ढंग से कार्य कर रहे हैं। बन्दोबस्त अधिकारी के पारित आदेशों पर अमल नहीं हो रहा। मनमानी ढंग से पत्रावलियों को रजिस्टर में दर्ज किये हैं। कोई कार्यवाही नहीं कर रहे। उन्होंने मांग किया कि गैरकानूनी ढंग से कार्य करने वाले बन्दोबस्त अधिकारी व पेशकार पर कार्यवाही की जाये।

## मोदी को ले डूबेगा शाह का कानून, वाहन चालकों ने किया प्रदर्शन

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** वाहन चालकों ने वाहनों को खडाकर चक्का जाम कर दिया है। शाह का कानून मोदी के लिए सिरदर्द बन गया है। जिला पंचायत सदस्य मीरा भारती की अगुवाई में वाहन चालकों ने तहसील कार्यालय में प्रदर्शन कर एसडीएम सदर को पत्र सौंपा है।

मंगलवार को वाहन चालकों की हडताल खत्म न होने पर सभी कारोबार चैपट हो रहे हैं। भाजपा सरकार के लागू काले कानून वाहन चालकों को मंजूर नहीं है। सरकार ने ऐसे कानून बनाये हैं जिनसे वाहन चालकों का शोषण एवं उत्पीडन बढेगा। जिला पंचायत सदस्य मीरा भारती की अगुवाई में चालकों ने एसडीएम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर उन्हें सौंपे पत्र में कहा कि सडक हादसे के कानून का वाहन चालक विरोध जता रहे हैं। कोई भी वाहन चालक



प्रदर्शन करते वाहन चालक।

जानबूझकर दुर्घटना को अंजाम नहीं देता। काले कानून से वाहन चालकों का शोषण एवं उत्पीडन बढेगा।

सरकार इस कानून को वापस ले। वाहन चालकों ने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह को वाहन चालकों ने ज्ञापन भेजकर समस्या से अवगत कराया है। इस मौके पर वाहन चालक कुलदीप सिंह, संजय सिंह, राजेन्द्र प्रसाद, राकेश सिंह पठारी, शनि सिंह, महेश कुमार, बबली सिंह, धर्मेन्द्र कुमार, बीरु, महेश कश्यप, छोटा, पिन्टू वर्मा, संजय सिंह पटेल, राजेश यादव, मनीष कुमार, संदीप, रामू, गुलाब बाबू, संतोष कुमार आदि शामिल रहे।

## पुलिस ने दबोचे छह जुआरी

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधों पर अंकुश लगाने को जारी अभियान में चैकी प्रभारी सीतापुर श्यामदेव सिंह की टीम ने पप्पू प्रजापित पुत्र स्व सोहनलाल, रामनरेश कोरी पुत्र रामशरन निवासी तीरथराजपुरी, पिन्टू प्रजापति पुत्र बच्चा, रिंकू प्रजापति पुत्र बच्चा निवासी राघवपुरी, विक्रम कोरी पुत्र सुक्कू निवासी बस स्टैण्ड, उदयभान लोधी पुत्र रामसिंह निवासी बान तालाब को ताश के पत्तों से हारजीत की बाजी लगाते जुआ खेलते गिरफ्तार किया। मंगलवार को जुआरियों के कब्जे से मालफड़ से ताश के 52 पत्ते, 2400 रुपये व जामा तलाशी में 500 रुपये बरामद किये। जुआरियों पर जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में चैकी प्रभारी सीतापुर श्यामदेव सिंह, सिपाही शिवपूजन यादव, अभिषेक यादव, अमर यादव, अतुल परिहार व मंगला प्रसाद शामिल रहे।

## भीषण ठंड में खुले हैं प्राइवेट शिक्षण संस्थान, सरकारी आदेश बेअसर

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिले में मान्यता प्राप्त प्राइवेट शिक्षण संस्थानों के संचालकों की मनमानी से भीषण ठंड में विद्यालय खुलने से अभिभावक बच्चों को ठंड में विद्यालय भेजने को मजबूर हैं। नन्हे-मुन्ने नौनिहाल ठंड में ठिठुरते हुए विद्यालय जाते हैं। अनहोनी की ओर संचालकों का ध्यान नहीं है। जिम्मेदार अधिकारी भी कोई ध्यान नहीं दे रहे।

मंगलवार को शीतलहर व भीषण ठंड के मद्देनजर जिलाधिकारी व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने प्राथमिक से लेकर उच्च प्राथमिक विद्यालयों को 15 जनवरी तक बंद करने के आदेश दिए हैं, लेकिन मान्यता प्राप्त प्राइवेट शिक्षण संस्थानों के संचालकों पर जिलाधिकारी व



खुला शिक्षण संस्थान।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देश बेअसर हैं। शासन के निर्देश के बाद भी कड़ाके की ठंड में विद्यालय चल रहे है। जिला मुख्यालय समेत अन्य ग्रामीण इलाकों में मान्यता प्राप्त प्राइवेट शिक्षण संस्थानों के संचालकों की मनमानी जारी है। खण्ड शिक्षा अधिकारी कर्वी क्षेत्र के संचालित मान्यता प्राप्त प्राइवेट शिक्षण संस्थान सीपी सिंह आवासीय विद्यालय चकला राजरानी कर्वी, पीएम मेमोरियल खोही, लइना बाबा इण्टर कॉलेज (प्राथमिक स्तर) शिवरामपुर, परम विद्या मंदिर इंटर कॉलेज (प्राथमिक स्तर) शिवरामपुर, श्री नागेश्वर प्रसाद अग्रवाल सरस्वती शिशु मंदिर शिवरामपुर व सन्त थामस स्कूल खुटहा समेत जिले के कई मान्यता प्राप्त प्राइवेट शिक्षण संस्थान भीषण ठंड में खुले हैं। इन पर शासन के निदेर्शों का कोई असर नहीं है। मजे की बात ये है कि शीतलहर व भीषण ठंड में शासन-प्रशासन ने प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 15 जनवरी तक का अवकाश घोषित किया है।

### जूहा शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष बने ब्रह्मदीन मिश्रा

अखंड भारत संदेश

**पहाडी/चित्रकूट।** पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई पहाड़ी का चुनाव बीआरसी पहाड़ी मे पर्यवेक्षक नीलाभ गुप्ता व चुनाव अधिकारी रामकिशोर दीक्षित की मौजूदगी में हुआ। मंगलवार को नामांकन पत्रों के बाद नामांकन जांच व वापसी बाद चुनाव में अध्यक्ष पद पर ब्रह्मादीन मिश्रा घोषित हुए। मंत्री पद पर लवलेश मिश्रा चुने गये। चुनाव अधिकारी ने तय समय बाद निर्विरोध घोषित किया।

## एसडीएम ने बांटे कम्बल



कम्बल बांटते एसडीएम।

अखंड भारत संदेश

**मानिकपुर/चित्रकूट।** शासन के निर्देश पर मानिकपुर एसडीएम रामजन्म यादव की अगुवाई में मानिकपुर ब्लाक के चूल्ही गांव में बुजुर्गों व महिलाओं को कंबल बांटे गये। मंगलवार को मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी ने शासन के कदम को सराहा। राजस्व विभाग ने चूल्ही गांव में 150 बुजुर्गों व महिलाओं को कंबल बांटे। इस मौके पर तहसीलदार वाचस्पति सिंह, नवागंतुक नायब तहसीलदार पारुल सिंह परिहार, प्रधान बराहमाफी समेत राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

## बंगाल ने 85 रन से बिहार को रौंदा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म स्मृति पर सुभाष चैलेंज कप अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट टूनामेंट राज्य स्तरीय दिव्यांग क्रिकेट टूनामेंट का फाइनल मैच पश्चिम बंगाल व बिहार के बीच हुआ। बंगाल ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट खोकर 195 रन का लक्ष्य दिया।


मंगलवार को बंगाल की ओर से बल्लेबाजी कर तपन ने 49 गेंद में 41 रन, महेश ने 45 गेंद में 81 रन बनाये। बिहार की ओर से गेंदबाजी कर मुकेश ने चार ओवर 47 रन देकर एक विकेट, बालकरन ने चार ओवर में 26 रन देकर दो विकेट लिए। लक्ष्य पाने को बिहार टीम खास प्रदर्शन नही कर सकी। 19.1 ओवर में 110 रन बना के ऑल आउट हो गई। बिहार की ओर से बल्लेबाजी कर राजीव ने 13 गेंद में 10 रन, मुकेश ने 16 गेंद में 18 रन बनाये। बंगाल की ओर से पुनराव ने तीन ओवर में नौ रन तीन विकेट, देवासीस ने तीन ओवर में 13 रन व तीन विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच रहे। बंगाल के महेश व बंगाल ने मुकाबले को 85 रन से जीत लिया। मैच के समापन मुख्य अतिथि राकेश कुमार यादव, जिला न्यायाधीश विकास कुमार, एसडीएम जाशीन, आलोक पांडे, बद्री सिंह पटेल, अंपायर विजय भारद्वाज व ऋषि, स्कोरर सौरभ नाहर, शमसुद्दीन खान, राकेश मिश्रा, इरफान खान, लोकेश सिंह, कमलेश परिहार, रामचंद्र कुरील, लल्लू रैकवार आनंद, ऋषि यादव, करन पटेल, रानू, हिमांशु नाहर, अनुराग आदि मौजूद रहे।

## हड़ताली चालकों पर सरकार बन्द करे दमन: अमित

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** भाकपा राज्य कार्यकारिणी सदस्य/जिला सचिव का अमित यादव एड ने ड्राइवरों की हड़ताल का पुरजोर समर्थन करते हुये दस साल कैद व सात लाख रुपये जुमार्ना बाबत कानून को तत्काल रद्दी की टोकरी में डालने की मांग की है। हड़ताली ड्राइवर बंधुओं पर सरकार के ढहाये जा रहे जुल्मों व बल प्रयोग की कड़ी निन्दा की है।

मंगलवार को भाकपा जिला सचिव का अमित ने कहा कि नया मोटर व्हीकल एक्ट जब बनाया जा रहा था, तब सब



का अमित यादव।

बेफिक्र थे कि मोदी की गारंटी के बीच उनसे कोई अन्याय नहीं हो सकता। जब काले कानून का खुलासा हुआ तो पता चला कि ये तो जानलेवा कानून है। इतनी बड़ी सजा व जुमार्ने को चुकाते हुए तो इंसानों की उम्र ही बीत जाएगी। फिर कैसे वो परिवार का भरण पोषण करेगा। अब लोगों को पता चला है तो त्राहि त्राहि मची है।

अब सरकार कह रही है कि हड़ताल का कोई नोटिस नहीं मिला। ये वही सरकार है जिसने श्रमिकों के हित में बनाए श्रम कानूनों को पूंजीपति आकाओं के जुल्म व लूट की छूट देने को एक झटके में बदल दिया। अब सरकार किस मुंह से कानूनी नोटिस की बात कर रही है? इस सरकार को शर्म आनी चाहिए जो शोषित-पीड़ित जनता से अंग्रेजों से बदतर बर्ताव कर रही है।

का अमित यादव एड ने कहा कि लोकतंत्र को कुचल कर फासिज्म के रास्ते बढ़ रही सरकार की ये सोच कि धार्मिक सवालों व धार्मिक विभाजन को इतना अधिक उछाला जाये कि लोग अपना हित ही भूल जायें। उनकी आड़ में जनता पर मनमानी तानाशाही लादी जा सके। आज यही हो रहा है।

## चेयरमैन ने मां की आंखें दान कर पेश की मिशाल

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** कोआपरेटिव बैंक बांदा-चित्रकूट के चेयरमैन पंकज अग्रवाल की मां के निधन पर बुंदेली सेना ने शोक सभा कर दिवंगत आत्मा की शान्ति को प्रार्थना की। निधन बाद आंखें दान करने का परिजनों के प्रति आभार जताया। मंगलवार को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि चेयरमैन पंकज अग्रवाल ने मां का नेत्रदान कर मिशाल पेश की है। लोगों में जागरूकता आएगी। प्रेरणा मिलेगी कि मृत्यु बाद भी आंखों से दूसरी दुनिया रोशन होगी। दिवंगत आत्मा के प्रति यही सच्ची श्रद्धांजलि भी है। नगर के प्रतिष्ठित परिवार ने एकजुटता से नेत्रदान का निर्णय लिया। पूरा परिवार बधाई का पात्र है। अक्सर परिजनों के दबाव के चलते लोग ऐसे निर्णय नहीं ले पाते। बुंदेली सेना ने शोक सभा कर चेयरमैन की दिवंगत मां को श्रद्धांजलि दी। परिजनों को असीम दुःख की घड़ी में धैर्य व संबल प्रदान करने की कामना की। शोक सभा मे सदर रोड निवासी व्यापारी नत्थूलाल गुप्ता, शिवशंकर गुप्ता, राजकिशोर, नंदू गुप्ता व बालकिशोर की मां के निधन पर भी दुःख जताया। भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।

## दस साइबर अपराध पीडितों के लौटाये 5,66,000 रुपये

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** बढ़ते साइबर अपराध रोकने व जनता को राहत दिलाने को जारी अभियान में पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर साइबर अपराध पीड़ितों की रोकथाम को एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ कार्यालय राज कमल की देखरेख में साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह की टीम ने दस साइबर अपराध पीड़ितों के 5,66,000 रुपये खातों में वापस कराये।

मंगलवार को साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह, सिपाही सर्वेश कुमार, प्रशांत कुमार ने दस पीडितों के रुपये बरामद कराये। ज्ञात है कि आम जनता के बैंक आने-जाने व बैंकिग औपचारिकताओं में नष्ट होने वाले समय से बचने को भारत सरकार के डिजिटल लेन-देन को प्रोत्साहित करने में एन्ड्राइड मोबाइल है। आन-लाइन बैंकिंग सेवा का लोग लाभ ले रहे हैं। इस कार्य में जरा सी असावधानी होने पर कई लोग साइबर ठगी के शिकार भी हो रहे है। आन-लाइन बैंकिंग सेवा में जरुरी है कि कैसे साइबर ठगी से बच सकते हैं। साइबर सेल ने लोगों को साइबर अपराध से बचाव को जागरुक करता है। साइबर अपराध की शिकायत मिलने पर पीड़ितों की शिकायत दर्ज कर सम्बन्धित बैंकों से तालमेल कर पीड़ितों की धनराशि वापस करायी जाती है।



रुपये लौटाती टीम।

## सात के कब्जे से 58 क्वार्टर देशी-45 लीटर महुआ शराब बरामद

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर जारी अभियान में अवैध शराब निर्माण व बिक्री की रोकथाम को सात लोगों के कब्जे से 58 क्वार्टर देशी व 45 लीटर महुआ शराब बरामद की।

मंगलवार को शिवरामपुर चैकी के दरोगा राधेश्याम सिंह ने चन्द्रप्रकाश उर्फ बउआ पटेल पुत्र रुपचन्द्र निवासी कल्ला को 23 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। इसी क्रम में सीतापुर चैकी के सिपाही शिवपूजन ने राजबहादुर कोरी पुत्र नत्थु कोरी निवासी चितरागोकुलपुर के कब्जे से दस लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। पहाडी थाने के दरोगा रविकान्त राय ने अवधेश कुमार पुत्र रामभजन निवासी भभौर के कब्जे से पांच लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया।

मऊ थाने के दरोगा इन्द्रजीत गौतम ने सिपाहीलाल पुत्र स्व कंधई निषाद निवासी बेलहा मजरा बरियारी कला के कब्जे से दस लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। सरधुआ थाने के दरोगा राजेश कुमार राय ने मोनू निषाद पुत्र मुन्नालाल निवासी बड़हर का पुरवा मजरा सुरवल के कब्जे से 21 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। बरगढ थाने के दरोगा अनिल कुमार मिश्रा ने मनीशंकर पुत्र देवबदन निवासी किटहाई मजरा खोहर के कब्जे से 20 लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। मारकुण्डी थाने के दरोगा अली अहमद ने ब्रजेश पुत्र रामदीन निवासी मिचकुरी थाना मझगवां जिला सतना मप्र के कब्जे से 14 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया।

## फायरिंग कर फैलाई दहशत

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** शिवरामपुर कस्बे में देर रात पुरानी रंजिश में दो पक्षों में विवाद के चलते एक पक्ष ने विरोधी पर छत से ताबड़तोड़ फायरिंग कर दहशत फैला दी। सूचना पर पुलिस ने फायरिंग करने वाले को राइफल समेत दबोच कर जांच कर रही है।फायरिंग की ये घटना शिवरामपुर कस्बे में सोमवार की रात हुई। बताया गया कि कौशांबी के महेवा घाट के हिनौता के घनश्याम सिंह शिवरामपुर में भेसौंधा रोड में काफी दिनों से रह रहा है। कुछ दूर नत्थू पटेल का मकान है। दोनों के बीच किसी मामले को लेकर डेढ़ साल पहले विवाद हुआ था। नत्थू पटेल ने घनश्याम सिंह के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। दोनों पक्षों के बीच तनातनी का माहौल रहता है। गोलियों की तड़तडाहट से इलाके में दहशत है। सोमवार की देर रात आठ बजे घनश्याम सिंह व नत्थू के बीच विवाद हो गया। घनश्याम ने लाइसेंसी राइफल से फायरिंग शुरू कर दी। नत्थू पटेल घर में घुस गया। घनश्याम सिंह छत में जाकर नत्थू पटेल की ओर कई राउंड फायरिंग की। जानकारी पर शिवरामपुर चैकी पुलिस ने पहुंचकर जांच पडताल शुरू कर दी है।



गोलीबारी के बारे में जांच करती पुलिस।

# भारतीय विदेश मंत्री के नेपाल भ्रमण के मद्देनजर चीनी प्रतिनिधिमंडल का भ्रमण रद्द

**काठमांडू।** भारतीय विदेश मंत्री डॉ एस. जयशंकर के दो दिन बाद शुरू हो रहे नेपाल दौरे के मद्देनजर नेपाल सरकार ने चीन से होने वाले एक उच्च स्तरीय राजनीतिक भ्रमण को रद्द कर दिया है।

भारतीय विदेश मंत्री जनवरी 4-5 को नेपाल के दौरे पर काठमांडू जाने वाले हैं। ठीक उसी दिन चीन के कम्युनिस्ट पार्टी के डेपुटी सेक्रेटरी के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय टोली काठमांडू पहुंचने का कार्यक्रम तय किया गया था। भारतीय विदेश मंत्री के तरह ही चीनी प्रतिनिधिमंडल का भी नेपाल के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री कुछ मंत्रियों और प्रमुख राजनीतिक दल के शीर्ष नेताओं से मुलाकात तय की गई थी। नेपाल भारत संयुक्त आयोग की सालाना बैठक की अध्यक्षता करने के लिए डॉ एस. जयशंकर काठमांडू पहुंचने वाले हैं। इस दौरान उनकी मुलाकात नेपाल



के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री सहित शीर्ष नेताओं से मिलने का कार्यक्रम तय है। भारतीय विदेश मंत्री के नेपाल आगमन के दिन ही कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना के डेपुटी सेक्रेटरी सी युगांग की टीम उसी दिन काठमांडू पहुंचने की जानकारी मिलते ही काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास से लेकर दिल्ली स्थित विदेश मंत्रालय तक ने अपने स्तर पर असंतुष्टि जता दी थी।

नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचण्ड निकट सूत्रों के मुताबिक भारत ने अपने विदेश मंत्री के भ्रमण के दिन चीन के प्रतिनिधिमंडल के नेपाल आगमन पर असंतुष्टि जाहिर की थी। आनन फानन में चीनी दूतावास के जरिए नेपाल के चीनी कम्युनिस्ट के माध्यम से चीन के प्रतिनिधि मंडल को फिलहाल भ्रमण रद्द करने को कह दिया गया है। प्रधानमंत्री के विदेश मामलों के सलाहकार रूपक सापकोटा ने बताया कि किसी विशेष कारण से अन्तिम समय में आकर चीन के प्रतिनिधिमंडल का भ्रमण रद्द हो गया है। उधर, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अमृत राई ने भी चीनी प्रतिनिधिमंडल के भ्रमण कुछ समय के लिए स्थगित कर दी गई है।

# टोक्यो में लैंडिंग के वक्त दो विमानों में टक्कर, प्लेन में सवार 379 यात्री सुरक्षित

**टोक्यो।** जापान के हानेडा हवाई अड्डे पर तटरक्षक विमान से सीधी टक्कर के बाद जापान एयरलाइंस के एक जेट में भीषण आग लग गई। एयरलाइन ने कहा कि सभी 379 यात्रियों और चालक दल को सुरक्षित निकाल लिया गया है, लेकिन टक्कर के बाद जापान तटरक्षक विमान में सवार पांच लोग लापता बताए जा रहे हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक तटरक्षक विमान के साथ संभावित टक्कर के बाद टोक्यो के हानेडा हवाई अड्डे पर जापान एयरलाइंस का एक जेट आग की लपटों में घिर गया। जापानी न्यूज एजेंसी एनएचके के मुताबिक विमान के लैंडिंग के बाद तटरक्षक विमान से टकराने की वजह से आग लगने की घटना सामने आई है। टक्कर के बाद जापान तटरक्षक विमान में सवार पांच लोग लापता हैं। इस



विमान में 379 यात्री सवार थे, जिन्हें आनन-फानन में यात्रियों को बाहर निकाला गया। आग इतनी तेज थी कि कुछ ही मिनट में वो विमान के पिछले हिस्से को अपनी चपेट में लिया।

जापान एयरलाइंस का विमान लैंडिंग के बाद रनवे से टैक्सीवे पर आ चुका था, लेकिन आग की वजह से पूरा विमान जल गया है। घटना की कुछ तस्वीरें भी सामने आई हैं, जिसमें आग विमान के भीतर तक फैली नजर आ रही है। यह विमान जापान के ही शिन चिटोस एयरपोर्ट से उड़ान भरकर हानेडा पहुंचा था। आग लगने के पीछे की वजह अभी तक साफ नहीं हुई है। घटना के बाद जापान एयरलाइंस और एयरपोर्ट के सुरक्षा अधिकारी मौके पर पहुंच चुके हैं।

# पाकिस्तान में नवाज शरीफ दो सीटों से चुनाव लड़ेंगे, इमरान की पार्टी के 90 फीसदी नामांकन खारिज

**लाहौर।** पाकिस्तान में इस साल होने वाले आम चुनाव में पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ दो जगहों से चुनाव मैदान में उतरेंगे। वहीं पूर्व पीएम इमरान खान की पार्टी के 90 फीसदी नेताओं के नामांकन खारिज होने से विपक्ष में आक्रोश है। पाकिस्तान चुनाव आयोग ने लाहौर असेंबली सीट से नवाज शरीफ के नामांकन पत्र को स्वीकार लिया है। वहीं इसके खिलाफ जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पीटीआई ने कोर्ट में चुनौती दी है। पीटीआई नेताओं का इसके पीछे तर्क है कि सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व प्रधानमंत्री शरीफ को 2017 में आजीवन अयोग्य घोषित किया था। हालांकि, चुनाव आयोग ने मानसाहारा और लाहौर की दो नेशनल असेंबली सीटों से नवाज शरीफ की उम्मीदवारी को मंजूरी दे दी है। दरअसल, पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने इमरान खान और उनकी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के 90 प्रतिशत महत्वपूर्ण नेताओं के नामांकन पत्रों को खारिज कर दिया है। इस कार्रवाई को लेकर पीटीआई ने अपीलीय कोर्ट में चुनौती दी है।

पाकिस्तानी आर्मी के निर्देश पर



हुआ है। सोमवार को पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी, पीटीआई अध्यक्ष चौधरी परवेज इलाही, पूर्व गृह मंत्री मूनिस इलाही और जरताज गुल सहित कई पीटीआई नेताओं ने हाई कोर्ट के चुनाव न्यायाधिकरणों में अपने नामांकन पत्र को खारिज करने को लेकर चुनौती दी।

देश के रिटर्निंग अधिकारियों ने राष्ट्रीय और प्रांतीय असेंबली सीटों के लिए रिकॉर्ड 3,500 से ज्यादा उम्मीदवारों के नामांकन पत्र खारिज किए हैं। पीटीआई के वकील इश्तियाक अहमद ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा आजीवन अयोग्य घोषित किए जाने पर नवाज शरीफ की उम्मीदवारी को चुनौती दी। उन्होंने लाहौर हाई कोर्ट के अपीलीय न्यायाधिकरण में अपील दायर की। इश्तियाक अहमद ने कहा कि नवाज शरीफ के नामांकन पत्र को स्वीकार करना अवैध और गैरकानूनी है क्योंकि 2017 में सुप्रीम कोर्ट ने पनामा पेपर्स मामले में उन्हें जीवन भर के लिए अयोग्य घोषित कर दिया था। नवाज शरीफ 8 फरवरी का चुनाव नहीं लड़ सकते। सैन्य प्रतिष्ठान द्वारा पहले से ही शरीफ को चौथी बार प्रधानमंत्री के रूप में पेश किया जा रहा है।

बता दें कि पाकिस्तानी आर्मी नवाज शरीफ को देश का अगला प्रधानमंत्री बनाना चाहती है।

# हिन्दू स्वयंसेवक संघ, अमेरिका के संघचालक प्रो. नंदा का निधन

**डेनवर (अमेरिका)।** हिन्दू स्वयंसेवक संघ, अमेरिका के संघचालक प्रोफेसर वेद प्रकाश नंदा का नववर्ष के पहले ही दिन निधन हो गया। वे 89 वर्ष के थे। अमेरिका के डेनवर स्थित अपने घर में 1 जनवरी, 2024 की सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। प्रोफेसर नंदा अमेरिका में हिन्दू स्वयंसेवक संघ के प्रमुख होने के साथ ही अनेक स्वयंसेवक संस्थाओं के लिए एक मजबूत स्तंभ थे।

अविभाजित भारत के गुजरांवाला (अब पाकिस्तान में) में 1934 में जन्मे प्रोफेसर नंदा और उनके परिवार को विभाजन की भीषण त्रासदी को सहन करना पड़ा और उसके बाद पंजाब में एक शरणार्थी के तौर पर भी बहुत कठिन जीवन व्यतीत किया। उन्होंने पंजाब विश्वविद्यालय से एमए अर्थशास्त्र, दिल्ली विश्वविद्यालय से कानून की डिग्री और नॉर्थ वेस्टर्न विश्वविद्यालय से एलएलएम करने के बाद अमेरिका में येल विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर की पढ़ाई शुरू करके एक अनुकरणीय करियर बनाया। 1972 से डेनवर




विश्वविद्यालय के स्टर्म कॉलेज ऑफ लॉ में एक सफल अंतरराष्ट्रीय कानून प्रोफेसर रहे। प्रोफेसर नंदा वर्ल्ड ज्यूरिस्ट एसोसिएशन के मानद अध्यक्ष, अमेरिकन सोसाइटी ऑफ इंटरनेशनल लॉ के पूर्व मानद उपाध्यक्ष भी थे। वे यूनाइटेड स्टेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ ह्यूमन राइट्स की सलाहकार परिषद के सदस्य रहे। अंतरराष्ट्रीय कानून के विभिन्न क्षेत्रों में 24 पुस्तकों के लेखक या सह-लेखक होने के कारण उन्हें व्यापक रूप से प्रकाशित किया गया था। वह डेनवर पोस्ट के नियमित स्तंभकार थे और मानवाधिकार और अंतरराष्ट्रीय संबंधों सहित कई विषयों पर लिखते थे। 2006 में डेनवर विश्वविद्यालय के स्टर्म कॉलेज ऑफ लॉ के पूर्व छात्रों ने उनके सम्मान में वेद नंदा सेंटर फॉर इंटरनेशनल एंड कम्पेरेटिव लॉ की स्थापना की। उन्हें 2004 में सामुदायिक शांति निर्माण के लिए गांधी-किंग-इकेदा पुरस्कार और 2018 में भारत सरकार द्वारा पद्म भूषण सहित कई पुरस्कार भी मिले। भारत विभाजन से पूर्व ही संघ के संपर्क में आए प्रोफेसर नंदा ने हिंदू धर्म के संरक्षण और अमेरिका में हिंदुओं को एकजुट करने को अपने जीवन का मकसद बनाया था। उन्होंने अमेरिका में पहली संघ की शाखा 1961 में शिकागो विश्वविद्यालय में शुरू की। 2001 से हिन्दू स्वयंसेवक संघ के संघचालक (अध्यक्ष) बनने के बाद प्रोफेसर नंदा ने स्वयंसेवकों से मिलने, उनका मार्गदर्शन करने और उन्हें प्रेरित करने के लिए लगातार पूरे अमेरिका की यात्रा की। उन्होंने विभिन्न हिंदू-अमेरिकी मुद्दों के लिए समाज की राय अमेरिका के उच्च राजनेताओं तक पहुंचाने की पहल की। उन्होंने अमेरिका के हिंदू विश्वविद्यालय के बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया। वह कोलोराडो के हिंदू मंदिर में न्यासी बोर्ड के अध्यक्ष थे और कोलोराडो में अंतरधार्मिक गतिविधियों में भी सक्रिय रहे। प्रोफेसर नंदा अपने पीछे बेटी अंजलि, दामाद, पोतियों के साथ ही हिन्दू स्वयंसेवक संघ का एक विस्तारित परिवार छोड़ गए हैं। हिन्दू स्वयंसेवक संघ ने प्रोफेसर वेद नंदा के प्रति अपनी श्रद्धांजलि व्यक्त करते हुए शोक संदेश में कहा है कि हम उनके परिवार और परिचितों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं और ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्मा दिव्य प्रकाश में लीन हो जाए।

# चीन के ऋण में डूबे पोखरा अंतरराष्ट्रीय विमान स्थल को नहीं मिली एक भी उड़ान, सलाना डेढ़ अरब का घाटा

**काठमांडू।** पोखरा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा का उद्घाटन हुए आज ठीक एक वर्ष हो गया है लेकिन आज तक एक भी अन्तरराष्ट्रीय उड़ान नहीं मिल पाई है। चीन के 25 अरब रुपये ऋण के बोझ तले दबे इस विमानस्थल को सलाना करीब डेढ़ अरब रुपये का घाटा हो रहा है। उधर, चीन की तरफ से ऋण के ब्याज के लिए लगातार तकादा करने से सरकार की परेशानी बढ़ गई है।

पिछले वर्ष आज के ही दिन यानि 1 जनवरी 2023 को सरकार ने बड़ी धूमधाम से इस अन्तरराष्ट्रीय विमानस्थल का उद्घाटन किया था। वैसे तो चीन ने इस विमान स्थल निर्माण के लिए 25 अरब रुपये का ऋण दिया था लेकिन उद्घाटन के दिन मंच पर मौजूद चीनी राजदूत से लेकर बीजिंग में रहे चीन के विदेश मंत्रालय तक ने इस परियोजना को बीआरआई के अन्तर्गत रहने की घोषणा कर दी थी।

नेपाल की वामपंथी सरकार इस विमान स्थल के नहीं चलने के पीछे की वजह भारत को बता रही है। भारत ने कभी भी इस विमान स्थल से किसी उड़ान को लेकर कोई अनुमति नहीं दी। इसके पीछे इस परियोजना में चीन सरकार का निवेश ही नहीं बल्कि रणनीतिक और सामरिक रूप से चीन द्वारा




किया गया षडयंत्र है। भारत के अलावा चीनी सरकार ने भी पोखरा विमान स्थल पर नियमित उड़ानों में ज्यादा दिलचस्पी नहीं दिखाई है, जिसे अपने ऋण की मदद से बनाया गया था।

गत वर्ष सितंबर 2023 में प्रधानमंत्री की चीन की उच्च स्तरीय यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच विभिन्न राजनीतिक और राजनयिक चचाओं और बैठकों में, पोखरा विमानस्थल के लिए नियमित उड़ानों के लिए चीनी पक्ष से बार-बार अनुरोध किया गया लेकिन चीन ने दो चार चार्टर्ड फ्लाइट के अलावा कभी इसमें दिलचस्पी नहीं दिखाई जिस कारण पोखरा अंतरराष्ट्रीय विमान स्थल के निर्माण योजना, उद्देश्य और भविष्य पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा कर दिया है।

पूरी तरह परिचालन में आ चुके इस विमान स्थल को एक साल के बाद भी कोई कारोबार नहीं मिलने से सालाना डेढ़ अरब रुपये से ज्यादा का नुकसान उठाना पड़ रहा है। चीन के तरफ से भले ही एक भी नियमित उड़ान उपलब्ध नहीं कराया गया लेकिन अपने द्वारा दिए गए ऋण के ब्याज के भुगतान को लेकर वो बहुत ही मुस्तैद है। दोनों देशों के बीच हुए समझौते के तहत पिछले वर्ष यानि 2022 से ही चीन इसके नियमित ब्याज भुगतान के लिए नेपाल सरकार पर दबाव बनाना शुरू कर दिया था। समझौते के अनुसार, नेपाल सरकार की गारंटी के तहत नागरिक उड्डयन प्राधिकरण द्वारा लिए गए 25 अरब रुपये बराबर चीनी ऋण की पुनर्भुगतान अवधि 20 वर्ष तय की गई है। पहले 6 साल की छूट अवधि तय है। इसका मतलब है कि नेपाल को 6 साल तक कर्ज पर कोई ब्याज नहीं देना होगा। लेकिन सितम्बर 2022 से शुरू होने वाली ऋण भुगतान की किस्तों के लिए, नेपाल सरकार को शेष 14 वर्षों में 51 अरब 72 करोड़ 23 लाख 14 हजार रुपये (मूलधन और ब्याज) का भुगतान करना होगा।


चीन का यह ऋण पांच प्रतिशत के महंगे ब्याज पर मिला है। आमतौर पर विश्व बैंक, एशियाई बैंक या कोई अन्य बड़े देश के ऋण का ब्याज अधिकतम 2.5 प्रतिशत और समयावधि भी 30 से 40 वर्षों का होता है लेकिन चीन के द्वारा लिए गए ऋण का ब्याज दर पांच प्रतिशत है और ऋण चुकता अवधि सिर्फ 20 वर्षों की है। नेपाल सरकार को ब्याज के रूप में ही चीनी पक्ष को करीब 17 अरब रुपये देना होगा।

## दक्षिण कोरिया के विपक्षी नेता की गर्दन पर चाकू से हमला, हालत गंभीर

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के विपक्षी नेता ली जेम्युंग पर बुसान शहर में चाकू से जानलेवा हमला किया गया। उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया है। हमले के समय डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रमुख ली जेम्युंग, बुसान शहर के गाडेओक द्वीप पर एयरपोर्ट निर्माण स्थल का दौरा करने के बाद मीडिया के सवालों का जवाब दे रहे थे। इसी दौरान हमलावर ने चाकू से उनकी गर्दन पर वार किया। हमलावर को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया है।

टेलीविजन और सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए वीडियो में हमलावर को जेम्युंग पर हमला करते हुए देखा जा सकता है। हमले के बाद जेम्युंग जमीन पर गिर पड़े। उनके समर्थक उन्हें संभालते हुए अस्पताल ले गए।

## बांग्लादेश में श्रम कानूनों के उल्लंघन में नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री को छह माह की कैद



**ढाका।** बांग्लादेश में श्रम कानूनों के उल्लंघन के आरोप में दोषी पाए जाने पर नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री डॉ मोहम्मद यूनुस को सोमवार को छह माह कैद की सजा सुनाई गई। डॉ. यूनुस पर ग्रामीण टेलीकॉम कंपनी में मजदूर कल्याण कोष को नहीं बनाने का आरोप था। हालांकि सभी को पांच हजार टका के बॉन्ड पर एक महीने की जमानत दे दी गई।

वहीं इस सजा के बाद यूनुस के समर्थकों ने फैसले को राजनीति से प्रेरित बताया है। 83 वर्षीय अर्थशास्त्री ने गरीब विरोधी अभियान चलाने के लिए 2006 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। श्रम न्यायालय तृतीय की जस्टिस शेख मेरिना सुल्ताना ने कानून का उल्लंघन करने के आरोप में दोषी मानते हुए ग्रामीण टेलीकॉम अध्यक्ष यूनुस और कंपनी के उनके तीन अधिकारियों को छह महीने साधारण कैद की सजा सुनाई। जस्टिस मेरिना ने यूनुस समेत सभी दोषियों पर 25 हजार टका (तकरीबन 18 हजार रुपये) का जुमार्ना लगाया। जुमार्ना अदा नहीं करने पर सभी को 10 दिन की और कैद काटनी होगी। फैसला सुनाए जाने के तत्काल बाद यूनुस और उनके साथियों ने जमानत की मांग की। जस्टिस मेरिना ने पांच हजार टका (तकरीबन 3700 रुपये) के बॉन्ड पर सभी को एक महीने की जमानत दे दी। कानून के मुताबिक, चारों फैसले के खिलाफ हाई कोर्ट में अपील कर सकते हैं। गत महीने कोर्ट में सुनवाई के बाद यूनुस ने ग्रामीण टेलीकॉम समेत बांग्लादेश में उनके द्वारा स्थापित 50 से अधिक सामाजिक व्यवसाय फर्मों में से किसी से भी मुनाफा कमाने के दावों को खारिज किया था।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

# नए साल की पहली सुबह हमास ने इजराइल पर बरसाए बम

**तेल अवीव।** गाजा पट्टी पर छिड़े इजराइल-हमास युद्ध पर विराम के कोई आसार फिलहाल नजर नहीं आ रहे। इस बीच, सोमवार सुबह फिलिस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास के आतंकवादियों ने इजराइल पर करीब 20 रॉकेट दागे। इस हवाई आक्रमण में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।समाचार पत्र द टाइम्स ऑफ इजराइल के अनुसार, हमास ने इस हमले की जिम्मेदारी ली। हमास ने टेलीग्राम पोस्ट में कहा है कि उसकी अल-कसम ब्रिगेड जायोनी नरसंहार के जवाब में तेल अवीव शहर और उसके बाहरी इलाके में 'एम90'



रॉकेटों से बमबारी कर रही है।इस युद्ध की शुरूआत पिछले साल सात अक्टूबर को हुई थी। हमास के सैकड़ों आतंकवादियों ने इजराइल में घुसकर नरसंहार करने के बाद 200 से अधिक लोगों को बंधक बना लिया था। इस दौरान लगभग 1200 इजराइली मारे गए थे। इसके प्रतिशोध में इजराइल ने गाजा पट्टी में ताबड़तोड़ हमले शुरू किए। आज युद्ध का 87वां दिन है। इस युद्ध में अब तक लगभग 21,822 फिलिस्तीनी मारे गए हैं। इनमें हमास के खूंखार कमांडर भी शामिल हैं। हमास के खिलाफ इजराइल की जमीनी और हवाई कार्रवाई जारी है।